हरिभूमि
रायपुर भूमि



### बिना रॉयल्टी पर्ची के पकड़ाई गाड़ियां

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 26 एवं 27 दिसंबर की रात में प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में निकली टीम ने आरंग, उपरवारा, माना, खरोरा, विधानसभा, मंदिर हसौद क्षेत्र में शेष पेज 15 पर

### इन मालिकों की गाड़ियां पकड़ाईं

खनिज सामग्री के साथ पकड़ी गई गाड़ी के मालिकों के नाम इस प्रकार हैं- बेमेतरा निवासी मुकेश कौशल, यशवंत देवांगन, रामायण भारती, खुमान बर्मन। कवर्धा निवासी हंशु राम साहू सहसपुर, रिंकेश वैष्णव, कवर्धा शेष पेज 15 पर

# नहीं सुधर रहे रेत माफिया, रात में 18 गाड़ियां पकड़ी गईं

**13 खदानें, 9 को अनुमति**

जिले में 13 रेत खदानों को ही ठेके पर दिया गया है। इनमें भी 9 खदानों को ही अब तक राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल पाई है, शेष 4 खदानों को अब तक अनुमति नहीं मिली है। इसके बावजूद इन खदानों में भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिन खदानों को अनुमति नहीं मिली है, उनमें लखना, पारागांव, कुरुद की खदान भी शामिल है।

- मुरुम व गिट्टी से भरी तीन गाड़ियां भी पकड़ी गईं
- खनिज विभाग ने रात में आरंग मंदिर हसौद, नवा रायपुर एवं खरोरा क्षेत्र में किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में एक बार फिर रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं। माफिया अपने गुर्गों के माध्यम से अवैध रूप से कई खदानों में रेत का उत्खनन कराने के साथ जमकर परिवहन करा रहे हैं। यह कारोबार दिन की जगह रात में किया जा रहा है, ताकि पुलिस की नजरों से भी वे बच सकें। इधर रात में रेत का अवैध कारोबार होने की सूचनाएं विभाग तक पहुंचने लगी थीं, जिसके आधार पर गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को विभागीय टीम ने आरंग, मंदिर हसौद, नवा रायपुर, खरोरा क्षेत्र का निरीक्षण कर रेत से भरे 18 हाईवा को पकड़ा। इसके अलावा 2 मुरुम व 1 गिट्टी से भरी गाड़ी भी पकड़ी गई। अवैध परिवहन में संलिप्त इन शेष पेज 15 पर

### निरीक्षण-कार्रवाई जारी रहेगी

विभाग को सूचना मिली थी कि जिले की कुछ खदानों में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए रात में टीम को भेजकर कार्रवाई कराई जा रही है। दो दिन में रेत, मुरुम व गिट्टी से भरी 21 गाड़ियां पकड़ाई हैं, जिनके मालिकों पर कार्रवाई कर उनसे अर्थदंड वसूल किया जा रहा है।

\- किशोर कुमार गोलघाटे, उप संचालक

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम विजय बोले- पुलिस भर्ती में जहां गड़बड़ी होगी भर्ती करेंगे निरस्त



रायपुर। प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा का कहना है, प्रदेश में पुलिस भर्ती में जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वहां की भर्ती को भी निरस्त किया जाएगा। उल्लेखनीय है, प्रदेश 5 हजार 967 पदों पर आरक्षकों की सीधी भर्ती हो रही है। इसमें राजनांदगांव में गड़बड़ी की वजह से 528 पदों की भर्ती को निरस्त हो गई है। गड़बड़ी में फंसे एक पुलिसकर्मी ने सुसाइड भी किया था। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, एक भी जुगाड़ वाला चयन नहीं होगा। सभी चयन शुद्धता के साथ होंगे। कांग्रेस के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा, इन लोगों को अपनी भर्ती प्रक्रिया पर ध्यान देना चाहिए। पीएससी घोटाले में अभी और कितने जेल के अंदर जाएंगे, उस पर ध्यान देना चाहिए। शराब घोटाला, कोयला घोटाला में लोग अंदर हैं, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश गांजा के साथ गिरफ्तार



रायपुर। हिस्ट्रीशीटर बदमाश तथा उसके एक अन्य साथी के कब्जे से पुरानी बस्ती पुलिस ने चार किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश ओम दुबे तथा उसके साथी घनश्याम सेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महाराजबंध तालाब के पास से ओम तथा उसके साथी गांजा बरामद किया है।

### तलवार से केक काटने वाला युवक धरा गया



रायपुर। सोशल मीडिया पर तलवार से केक काटने का वीडियो वायरल होने पर गुढ़ियारी पुलिस ने संबंधित युवक को गिरफ्तार किया है। तलवार से केक काटने के आरोप में पुलिस ने डिगेश्वर पटेल उर्फ विक्की को पकड़ा है। डिगेश्वर के कब्जे से पुलिस ने तलवार जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका के घर से जेवर-कैश पार

रायपुर। दलदल सिवनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से 70 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा महंगी साड़ी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मीना शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ 9 दिसंबर को अपने मायके मध्यप्रदेश बीना गई थीं। शुक्रवार को वापस आने पर मीना ने देखा कि कोई अज्ञात चोर मेन गेट में लगे दरवाजे की कुंडी तोड़ अंदर घुसकर आलमारी में रखे जेवर तथा साड़ी चोरी कर ले गया।

### शास्त्री चौक में हर मिनट डेढ़ सौ ऑटो, ई-रिक्शा का दबाव रहता है

# शास्त्री चौक में आज से ई-रिक्शा, ऑटो पर रोक, एक मिनट में पहुंचते हैं डेढ़ सौ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के हृदयस्थल के रूप में शुमार शास्त्री चौक पर ट्रैफिक दबाव कम करने रविवार से ऑटो, ई-रिक्शा की आवाजाही पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। रोक लगाने का निर्णय ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद लिया है। शास्त्री चौक से गुजरने वाले ऑटो-ई-रिक्शा डायवर्टेड मार्ग से चलेंगे। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व कलेक्टर तथा एसपी ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने पैदल जांच करने निकले थे। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग ऑटो यूनियन से बात कर शास्त्री चौक पर ऑटो, ई-रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

ट्रैफिक पुलिस के आकलन के मुताबिक शास्त्री चौक में प्रति मिनट सौ से डेढ़ सौ के करीब ऑटो तथा ई-रिक्शा का दबाव रहता है। इसके कारण शास्त्री चौक से होकर गुजरने वाले अन्य वाहन ट्रैफिक जाम शेष पेज 15 पर

### रायपुर में पंद्रह हजार से ज्यादा ई रिक्शा, ऑटो भी हजारों की संख्या में

#### शहर में 15 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा

परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में हर महीने साढ़े सात सौ के करीब ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। इस लिहाज से वर्ष 2021-22 से वर्ष 2024 के बीच अब तक 15 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा का पंजीयन हुआ है। ई-रिक्शा संचालन के लिए किसी तरह से कोई विशेष गाइडलाइन नहीं है। इसके चलते ई-रिक्शा के चालक सर्वाधिक संख्या में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। इस वजह से भी शहर के व्यस्त मार्गों में जाम की स्थिति निर्मित होती है।




#### आवाजाही से ज्यादा परेशानी पार्किंग से

शास्त्री चौक से जितने ऑटो, ई-रिक्शा चलते हैं, उसी संख्या में शास्त्री चौक के पास ऑटो तथा ई-रिक्शा चालक सवारी उठाने अपने वाहन पार्क कर देते हैं। ऑटो, ई-रिक्शा की पार्किंग की वजह से सड़क के एक बड़े हिस्से में आवाजाही बाधित होती है। शास्त्री चौक में ऑटो, ई-रिक्शा के रोक लगने के बाद इस मार्ग में सुचारू रूप से आवाजाही होगी।

#### ऑटो, ई-रिक्शा के मार्ग डायवर्ट

- टाटीबंध से होकर शास्त्री चौक की ओर आने वाले सवारी ऑटो शहीद स्मारक भवन तक आ सकते हैं एवं बांबे मार्केट कटिंग से यू टर्न कर वापस टाटीबंध की ओर आवागमन करेंगे।
- रेलवे स्टेशन से शास्त्री चौक आने वाले सवारी ऑटो कचहरी चौक तक आ सकते हैं एवं खालसा स्कूल टर्निंग से होकर पुनः रेलवे स्टेशन की ओर आवागमन करेंगे। यदि तेलीबांधा या कालीबाड़ी की ओर आवागमन करना है, तो ऑक्सीजोन से आंबेडकर चौक मार्ग होकर आवागमन करेंगे।
- तेलीबांधा की ओर से आने वाले सवारी ऑटो नगर घड़ी चौक तक आ सकेंगे। वहां से बंजारी चौक, राजभवन चौक से आंबेडकर चौक मार्ग होकर वापस जा सकेंगे। जय स्तंभ चौंक की ओर जाने के लिए बंजारी चौक-डीकेएस हास्पिटल-लाल गंगा शॉपिंग माल रोड से होकर आवागमन कर सकेंगे।
- पचपेड़ी नाका से शास्त्री चौक आने वाले सवारी ऑटो, ई-रिक्शा शेष पेज 15 पर

### लेनदेन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- आक्रोशित लोगों ने टिकरापारा थाने का किया घेराव
- तीन दिन से लगातार जारी है विवाद

आपसी लेन-देन के विवाद पर दो पक्षों में लगातार तीन दिन से मारपीट हो रही है। एक पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को टिकरापारा थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। थाने का घेराव करने वाले लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय दूसरे पक्ष की शिकायत पर उनके खिलाफ अपराध दर्ज कर डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए भेज दिया।

मोहम्मद अली हुसैन तथा उसके बेटे अहमद हुसैन शाह ने जिबरान सैफ, अमिर के खिलाफ थाने में मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रदर्शनकारियों ने कार्रवाई की मांग की।

# सालभर में 1300 से अधिक ट्रेन रद्द, 60 फीसदी एक्सप्रेस ट्रेनों से लाखों हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दुर्घटनाओं व खराब मौसम के कारण 30 फीसदी ही ट्रेन हुई रद्द

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रेन रद्द के मामले में दूसरे मंडल और जोन की तुलना में इस वर्ष भी आगे चल रहा है। 2024 में पटरियों के काम और दुर्घटनाओं व खराब मौसम के कारण 1300 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया है, जिससे देशभर में लाखों की संख्या में यात्रियों को परेशानी हुई है। दूसरी ओर ट्रेनों को रद्द कर रेलवे ने तीसरी लाइन का कार्य भी पूरा कर लिया है, जो अब यात्रियों को आरामदायक सफर देगा। बता दें कि बीते तीन वर्षों से जोन पटरियों का कार्य चल रहा है, जिससे बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया जाता है। 2022-23 में 1000 से अधिक ट्रेन रद्द हुई, तो वहीं 2024-25 में यह संख्या में अब 1300 से अधिक पहुंच गई है। हरिभूमि ने जब पड़ताल की, तो पता चला जोन में पटरियों के काम से 60 फीसदी ट्रेन रद्द हुई है। दूसरे मंडल और जोन में रेलवे कार्य से मात्र 40 फीसदी ही ट्रेन इस साल शेष पेज 15 पर

### सालभर में 400 से अधिक लोकल हुईं रद्द जोन के कार्यों से सर्वाधिक ट्रेनें हुई प्रभावित



#### जून से सितंबर के बीच 600 ट्रेन हुई रद्द

इस बार भी बारिश के समय में रेलवे ने सर्वाधिक ट्रेनों को रद्द किया है। जून से सितंबर के बीच लगभग 600 से अधिक ट्रेन रद्द हुई है, जिसमें विकास कार्य और खराब मौसम प्रमुख वजह रही है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच लगभग विभिन्न कारणों से 200 ट्रेन प्रभावित हुई है। मार्च से जून में भी 500 से अधिक ट्रेनों ने लाखों यात्रियों को परेशान किया है। मार्च से सिंबतर तक कुछ महीनों को छोड़ दिया जाए, तो औसतन 80 से 100 ट्रेन रद्द हुई है। जोन के अफसरों का कहना है कि सालभर तक ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को समस्या तो रहेगी। इसके बाद सफर आरामदायक हो जाएगा। समय पर ट्रेन चलाने को लेकर पटरियों का विस्तार कार्य चल रहा है।

#### पिछले साल से 10 प्रतिशत अधिक माल लदान

दपूमरे जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। अगले 9 महीनों में मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में, हमने 143 किलोमीटर नए सेक्शन, 133.3 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई लाइनें और शेष पेज 15 पर







Introducing Sphistication At Every Coner
A PREMIUM FITNESS CLUB
BODSQUAD
Beyond Limits, Beyond Luxury
LAUNCHING ON
29TH DEC
06.00 PM
SPA
VALET
STEAM
DIETICIAN
CAF
PILATES
SAUNA


**खबर संक्षेप**

### गांड़ा महासभा का 'युवा संवाद' कार्यक्रम आज

**रायपुर।** गांड़ा महासभा युवा प्रकोष्ठ द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 29 दिसंबर को समाज के युवाओं को संगठित कर एक नई दिशा देने के लिए "युवा संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बंटी निहाल ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के एमआईसी मेंबर अजीत कुकरेजा और जोगी कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक होंगे। कार्यक्रम में गांड़ा महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल, अध्यक्ष नारायण बाघ आदि शामिल होंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहीं समृद्धि

**रायपुर।** काशीधाम अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सुर छंदम बीएसयू वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्धि यादव ने इस कठिन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में कक्षा चौथी की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वे तीरंदाजी भी करती हैं और गुरु हरीश बहादुर से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। इस उपलब्धि का श्रेय समृद्धि ने काशी विश्वनाथ एवं अपने नाना पीआर अहीर, नानी सुनीता अहीर, पिता डॉ. संजीव कुमार यादव एवं माता डॉ. डॉली अहीर को दिया है।

### मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** कर्मचारी प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह 29 दिसंबर को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया है। इस समारोह में वर्ष 2024 में उत्तीर्ण कक्षा 10 वीं और 12 वीं में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को तथा समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मोटिवेशनल वक्ताओं द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा।

**निधन**

### राजेश कुमार शर्मा

**रायपुर।** शिवनगर चंगोराभाठा साकेत विहार निवासी राजेश कुमार



शर्मा (छुईखदान वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट श्मशानघाट में किया गया। वे रेखा शर्मा के पति और भगवती, तुलसी तिवारी, अजय शर्मा, सोनू शर्मा के पिता थे।

# 25 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली हवा, कई इलाकों में पड़ी बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**अलग खबर**

बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में आने वाली नमी के प्रभाव से शनिवार को कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। सुबह के वक्त बलरामपुर, मरवाही सहित कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई और शाम होने के बाद शहर में भी बौछारें पड़ी। हवा की गति पच्चीस किमी. प्रतिघंटा होने की वजह से ठंड महसूस हुई। रविवार की शाम से राज्य में उत्तर-पूर्वी हवा का प्रवेश होगा, जिससे सोमवार को सुबह अच्छी ठंड पड़ेगी। प्रदेश में काफी दिनों से मौसम बदला हुआ है और छाए बादलों की वजह से ठंड गायब है तथा गर्मी का अहसास हो रहा है। शनिवार को मौसम में थोड़ा बदलाव हुआ और छाए बादल कई इलाके में मामूली रूप से बरसे भी। बलरामपुर में सुबह के वक्त हल्की वर्षा हुई, इसके बाद मरवाही में काफी देर तक बारिश होती रही। शाम होने के बाद शहर में भी मौसम का मिजाज बदला और हल्की बारिश के साथ तेज हवा भी चली, जिसकी गति पच्चीस किमी प्रतिघंटा थी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि रात के तापमान में बड़ा बदलाव नहीं होगा। रविवार की सुबह के वक्त आसमान पर छाए बादल काफी मात्रा में छंट जाएंगे। शाम होने तक राज्य में आ रही नमी युक्त हवा का प्रवेश बंद हो जाएगा। इसके बाद उत्तर-पूर्वी हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो जाएगा और ठंड बढ़ने लगेगी।

## शाम से बदलेगी हवा, सोमवार की सुबह महसूस होगी ठंड

*रविवार की सुबह के वक्त आसमान पर छाए बादल काफी मात्रा में छंट जाएंगे*

**रात का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 19.9 | +7 |
| बिलासपुर | 18.2 | +6 |
| पेंड्रा | 15.0 | +4 |
| अंबिकापुर | 13.9 | +6 |
| जगदलपुर | 17.6 | +7 |
| दुर्ग | 18.0 | +4 |



### नए साल में शीतलहर

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार नए साल की शुरुआत शीतलहर के साथ होने की संभावना है। खासकर उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में 31 दिसंबर की रात में कड़ाके की ठंड रहने के आसार बन रहे हैं। 2 जनवरी तक अधिकतर भाग में न्यूनतम तापमान में 6 से 8 डिग्री की गिरावट आएगी। इससे ठंड बढ़ेगी अभी रायपुर का तापमान सात डिग्री तक ज्यादा हो चुका है, जिसमें काफी कमी आने के आसार हैं।

# अवैध ठेले-गुमटियों की भरमार, 23 जगह वेंडिंग जोन का प्लान, 3 साल में 4 बना पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में अवैध ठेले व गुमटियों की भरमार ने ट्रैफिक व्यवस्था की बखिया उधेड़ कर रख दी है। प्रशासन और नगर निगम 3 साल बाद भी इस खामी को सुधार नहीं पाये। शहर में फुटकर ठेले, गुमटी और फेरीवालों के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी ने 70 वार्डों में सर्वे कराने के बाद 64 वेंडिंग जोन तय किये थे। कमेटी के आदेश पर इसमें राजधानी में 23 वेंडिंग जोन चिन्हांकित हुए, पर केवल 4 जगहों पर ही वेंडिंग जोन सुव्यवस्थित रूप से संचालित हैं। बाकी 19 जगहों पर आज तक वेंडिंग जोन शुरू नहीं हो पाए। इसके कारण शहर में अवैध ठेले व गुमटियों की भरमार है। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम से लोग त्रस्त हैं।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत फुटकर वेंडरों की स्थिति जानने 3 साल पहले शहरभर में वेंडरों का सर्वे कराया गया, जिसमें 7 हजार वेंडर चिन्हांकित किये गये। इसके बाद नगर निगम के 70 वार्डों में नगर वेंडिंग कमेटी सिफारिश के बाद इन वेंडरों के लिए 64 जगह वेंडिंग जोन तय किये गये। कमेटी से 23 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने के आदेश के बाद भी मात्र 19 जगहों पर वेंडिंग जोन फाइल से बाहर नहीं निकल पाये। 4 जगहों में से ईदगाहभाठा जोन कार्यालय से आरकेसी गेट तक, केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई चौक, मोवा ओवरब्रिज के नीचे सहित एक अन्य जगह पर वेंडिंग जोन शुरू हो पाया।

### 19 अब तक शुरू नहीं



### इन जगहों पर तय हैं वेंडिंग जोन

- सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 1 लक्ष्मी स्टेशनरी गली
- सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 2 पंजाब एंड सिंध बैंक गली
- गली नंबर 3 मौदहापारा थाना के सामने
- गली नंबर 4 गुजराती गेस्ट हाउस
- केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई होल्कर चौक
- कैलाशपुरी ढाल से मारवाड़ी श्मसानघाट मार्ग
- ईदगाहभाठा जोन 5 कार्यालय के पास आरकेसी गेट से सुलभ तक सड़क के दोनों ओर
- भाठागांव चौक से आटो स्टेंड के पास
- मठपुरैना त्रिमूर्ति मंदिर के सामने
- छत्तीसगढ़ बोर्ड आफिस के पास टैगोर नगर
- हीरापुर बाजार पानी टंकी के पास
- रायपुरा विसर्जन कुंड के पास दोनों ओर
- एक्सप्रेस -वे तेलीबांधा थाना रोड से शीतला माता नर्सरी एक्सप्रेस-वे हाइवे के नीचे
- भनपुरी थाना के पास
- खमतराई एचटीपी प्लांट के पास पौनी पसारी स्थल पर
- खमतराई ओवरब्रिज के नीचे
- गुढ़ियारी पड़ाव
- गोंदवारा अंडरब्रिज स्थित पीडबल्यूडी निर्मित गार्डन के पास
- मोवा ओवर ब्रिज के नीचे एक तरफ
- मोवा ओवरब्रिज के नीचे दूसरी तरफ
- एलआईसी के बाजू में एक्सप्रेस-वे किनारे
- एक्सप्रेस-वे ओवरब्रिज के नीचे
- एक्सप्रेस-वे और बलौदाबाजार रोड जंक्शन सड़क किनारे

# ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी, चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- झारखंड से गिरफ्तार आरोपी ने महिला को विदेशी सामान बेचने का झांसा देकर बनाया था ठगी का शिकार

ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर महिला से 25 लाख 20 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में आमानका थाने की पुलिस झारखंड, धनबाद से चार जालसाजों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। जालसाजों ने सात माह पूर्व महिला को ठगी का शिकार बनाया था। जालसाजों के खिलाफ पुलिस को देश के कई अन्य राज्यों में भी ठगी करने की जानकारी मिली है। जालसाजों ने और किन-किन राज्यों में ठगी की है, इस संबंध में पुलिस, जालसाजों से पूछताछ कर रही है।

अनुराधा सिंह से ठगी के आरोप में पुलिस ने झारखंड, धनबाद निवासी साकुर अहमद, राजा मुराद, अरसद अंसारी तथा मोहम्मद सबा करीम को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पास 12 मई को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने महिला को झांसा दिया कि वह ऑनलाइन सामान बेचने का काम करता है। जालसाज के झांसे में आकर महिला ने



ऑनलाइन विदेशी सामान मंगाने का आर्डर दिया। आर्डर देने के कुछ दिन बाद जालसाज के एक साथी ने अपने आपको कस्टम ऑफिसर बताकर महिला के कस्टम ड्यूटी तथा अन्य चार्ज के नाम पर अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराया।

### दूसरे के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर निकाले

पुलिस के अनुसार जालसाज ने अनुराधा से प्राप्त ठगी की रकम को दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर कर एटीएम के माध्यम से निकाला है। आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने जब भी धनबाद पहुंचती तो आरोपियों को पुलिस के आने की जानकारी मिल जाती थी। पुलिस के आने की जानकारी मिलने पर आरोपी अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर देते थे। पुलिस ने जालसाजों को धनबाद पुलिस की मदद से ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

# डूमरतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर बनेगा इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- निगम आयुक्त ने मांगा प्लान
- बांड प्लान में लाने की तैयारी

डूमरतराई में नगर निगम की 2 एकड़ खाली पड़ी जमीन पर थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता से प्रस्ताव मांगा है। व्यापार-व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। पचपेड़ी नाका से पुराना धमतरी रोड के डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति देखी।



निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र के माध्यम से ठेका एजेंसी से कराये जा रहे कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। जोन 10 के जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को रोड डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की सतत मानिटरिंग करने और कार्य को जल्द पूरा करने निर्देश दिये। डूमतराई मार्केट में नगर निगम की 2 एकड़ जमीन सालों से खाली पड़ी है। पूर्व में इस जमीन पर पीपी मोड में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना रही। इसके लिए सर्वे भी कराया गया, पर बात नहीं बनी। डूमतराई मार्केट का विस्तार होने के बाद इस बेशकीमती जमीन पर अब थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने भौतिक और तकनीकी सर्वे कराकर जल्द प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये हैं। प्रस्ताव को सक्षम स्वीकृति के लिए भेजा जायेगा।

# मानसिक रूप से बीमार महिला का रेप, हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व की घटना**

कोतवली थाना क्षेत्र के टिकरापारा स्थित पुजारी पार्क के पास तीन माह पूर्व मानसिक रूप से बीमार महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की लाश संदिग्ध हालत में ऑटो डील के सामने एक चारपहिया वाहन में मिली थी। पुलिस मर्ग कायम कर



मामले की जांच कर रही थी। पीएम रिपोर्ट में महिला की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की पुष्टि ते बाद पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर महिला के साथ रेप, हत्या के आरोप में दो लड़कों को गिरफ्तार किया है।

महिला की लाश पुलिस को आठ सितंबर को मिली थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सब कुछ सामान्य मिला। मौके पर सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर बाइक सवार दो युवक घटनास्थल के पास संदिग्ध हालत में दिखे थे। पहले पुलिस ने महिला की सामान्य मौत मानकर मर्ग कायम कर मामले की जांच की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद संदिग्ध हालत में बाइक सवार जो दो युवक दिखे थे, पुलिस ने उनके संबंध में जानकारी जुटाई। पतासाजी करने पर लड़कों की पहचान सफाई कर्मी भाठागांव निवासी सिद्धार्थ दीप उर्फ उड़चंद तथा दाउद दीप के रूप में हुई। घटना के बाद पुलिस ने सिद्धार्थ को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर महिला का रेप, हत्या का अपराध कबूल किया।

### राज्यपाल ने 'लघु अटल' विकास को किया सम्मानित



**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के अवसर पर राजभवन में काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने अटलजी से जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए उन्हें विराट व्यक्तित्व का धनी बताया। अटलजी पर केंद्रित काव्यपाठ में अटलजी की भाव-भंगिमाओं के साथ ही हूबहू उन्हीं की शैली में उनकी कविताओं का पाठ, विचारों की अभिव्यक्ति बेहद जीवंत प्रभावी ढंग से विकास शर्मा ने प्रस्तुत की। राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय स्तर पर लघु अटल के नाम से ख्यात विकास शर्मा को अनूठी प्रतिभा के लिए प्रतीक चिन्ह एवं राजकीय गमछा से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर सेवारत विकास शर्मा पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं के समक्ष अटलजी की कविताओं की प्रस्तुति दे चुके हैं।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-4595 दिनांक 26.05.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक एच.आई. जी-I/716 को डॉ. ज्योत्सना मिश्रा पति डॉ. प्रकाश मिश्रा निवासी चक्रधर नगर चौक, वार्ड 25 रायगढ़ तहसील व जिला - रायगढ़ (छ.ग.) के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 07.04.2014 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में डॉ. ज्योत्सना मिश्रा पति डॉ. प्रकाश मिश्रा ने डॉ. प्रकाश मिश्रा पिता स्व. श्री विद्याधर मिश्रा निवासी चक्रधर नगर चौक, वार्ड 25 रायगढ़ तहसील व जिला - रायगढ़ (छ.ग.) को आम मुख्तयार नियुक्त किया गया है, मुख्तयार द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती आरती सिंघई पति श्री संजय कुमार सिंघई निवासी पीउए-211, सेक्टर-27, बस स्टॉफ सत्कार इन्डेन गैस एजेंसी, सेक्टर-27, नया रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी-I/716 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**
**तहसील- मंदिर हसौद जिला रायपुर**

जारी दिनांक 05/12/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री धरमदास कुर्रे पिता/पति रामलाल निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नम्बर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 430/1 रकबा 0.2220 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 22/12/2023 के परिपालन में दिनांक 21/01/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वेध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**आरंग जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना का प्रकाशन //**

रा.प्र. क्रमांक 202402112400008 अ/6 वर्ष 2023-24 पक्षकार संतोषी यादव वगै. वि. अंश राजदेव वगै. ग्राम नरदहा तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्री अंश राजदेव पिता किशोर राजदेव निवासी-विला नंबर 211, फेस-01 विधानसभा रोड सफाया ग्रीन, आमासिवनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर,

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तसीगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक रा. प्र. क्रमांक 202402112400008 अ/6 वर्ष 2023-24 में दिनांक 09/01/2025 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उतरवादी की उपस्थिति हेतु नियत है ।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 26/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**-: आम सूचना :-**

(वाके मौजा छछानपैरी, प.ह.न.-00011 रा.नि.म. केंन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 652/1 रकबा 0.035 हे खसरा नंबर 652/2 रकबा 0.405 हे खसरा नंबर 652/3 रकबा 0.405 हे, खसरा नंबर 653/2 रकबा 0.152 हे. खसरा नंबर 653/4 रकबा 0.235 हे खसरा नंबर 653/5 रकबा 0.152 है कुल खसरा नंबर = 06 कुल रकबा 1.384 हे. को क्रय किये जाने के सबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अमित अग्रवाल पिता श्री स्वरूपचंद अग्रवाल पता अनुपम नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ०ग० के हित, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा छछानपैरी, प.ह.न.-00011 रा.नि.म. केंन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 652/1 रकबा 0.035 हे खसरा नंबर 652/2, रकबा 0.405 हे खसरा नंबर 652/3 रकबा 0.405 हे खसरा नंबर 653/2 रकबा 0.152 हे खसरा नंबर 653/4 रकबा 0.235 हे खसरा नंबर 653/5 रकबा 0. 152 हे कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 1.384 हे. भुमि है को क्रय करने का पक्का सौदा बैनामा तय कर लिया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्द्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई भी उजर या दावा आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें. बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उक्त का उपर बंधनकारी नहीं होगा व अवैध व शुन्य माना जावेगा. म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का संपूर्ण विक्रय प्रतिफल की राशि भूमि स्वामी को प्रदान कर बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लेवेगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 28/12/2024

एन.के. पटेल, आशीष तिवारी अधिवक्तागण
हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255-10595, 83199-42960



**आवेदन आमंत्रित**

**पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)**

**अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।**

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति

इत्यादि।

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

- स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
- जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राजीव भवन में आज श्रद्धांजलि सभा

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रविवार को दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा आयोजित है। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### श्रमिकों के पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिन निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय से समाप्त हो चुका है और जिन्होंने आज तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। निर्माण श्रमिक अपनी पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया श्रमेव जयते मोबाईल ऐप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकेंगे। वहीं 31 दिसंबर 2024 के बाद जिनका पंजीकरण नवीनीकरण नहीं होगा, उन्हें अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में 12 हजार 680 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। अब तक 139 उपार्जन केंद्रों से 964 करोड़ 43 लाख रुपए लागत के 4 लाख 19 हजार 167 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं शनिवार को जिले में 29 करोड़ 17 लाख रुपए कीमत की 3624 किसानों से 12 हजार 680 टन धान खरीदी की गई।

### शिवसेना ने सौंपा थाना प्रभारी को ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के रायपुर जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध, सूखा नशा के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। देवराज साहू ने बताया सूखा नशा के कारण ही जगह–जगह लूट–पाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। और शहर में सूखा नशा का व्यापार राजेन्द्र नगर थाना केअंतर्गत खूब फल रहा है जिसको बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा सैकड़ो की संख्या में थाना के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से आशीष परिडा, संजय सोनकर, किशन साहू, गोविंद साहू, संजू साहू, नरेन्द्र प्रजापति, तरूण, गिरीराज, बबलू सोना, सागर कुम्हार, आकाश मसी, जॉनी मोंगराज, कमल, धनंजय, मनीष, नरेश, लोकेश, खेलेश, परमेश्वर के साथ सैकड़ो की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

# आज दिल्ली में तय होंगे भाजपा के जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के लिए कार्यशाला भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव का तीसरा चरण पूरा हो गया है। इसमें प्रदेश के 36 जिलों के जिलाध्यक्षों के दावेदारों के नामों पर मंथन करने के बाद तीन-तीन नामों का पैनल बनाकर राष्ट्रीय संगठन को भेज दिया गया है। अब दिल्ली में रविवार को अध्यक्षों के पैनल पर मंथन के बाद नाम तय कर दिए जाएंगे। इसके बाद एक-दो दिनों में अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। रविवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित संगठन चुनाव के राष्ट्रीय पदाधिकारी देश के सभी राज्यों के पदाधिकारियों को कार्यशाला में राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। हालांकि आमतौर पर किसी भी राज्य में चुनाव की स्थिति नहीं आती है, लेकिन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना संगठन चुनाव का अहम हिस्सा है। कार्यशाला में शामिल होने के लिए प्रदेश के पदाधिकारी दिल्ली पहुंच गए हैं।

भाजपा के सितंबर में सदस्यता अभियान के बाद नवंबर से संगठन चुनाव चल रहा है। इसमें पहले चरण में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ और फिर तीसरे चरण में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में पहले भाजपा संगठन के 35 जिले थे जो अब 36 हो गए हैं।

बिलासपुर में एक और जिला बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सभी जिला संगठनों में जिलाध्यक्षों के दावेदारों के नाम मंगाकर एक दिन पहले ही कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में जिलाध्यक्षों के नामों का पैनल तय किया गया है। इस पैनल को दिल्ली भेजा गया है। अब दिल्ली में रविवार को जिलाध्यक्ष तय होंगे।

### प्रदेश के पदाधिकारी पहुंचे दिल्ली



### सुबह से कार्यशाला

दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर अंतिम कार्यशाला रविवार को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक होगी। इसमें सभी राज्यों के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यशाला में शामिल होने के लिए प्रदेश संगठन से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख, संगठन चुनाव समिति के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपा देवी पावले, कृष्णमूर्ति बांधी दिल्ली गए हैं। इस कार्यशाला में अब राज्यों के अध्यक्ष के चुनाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसमें बताया जाएगा अगर किसी राज्य में अध्यक्ष के चुनाव की स्थिति आती है तो क्या करना है। इसके लिए मतदान का अधिकार किनको रहेगा इसकी भी पूरी जानकारी दी जाएगी। वैसे आमतौर पर राज्यों के अध्यक्षों का फैसला राष्ट्रीय संगठन करता है। इसके लिए सर्वसम्मति बनाई जाती है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय संगठनों को नामों का पैनल भेजा जाता है, उसमें से किसी एक को अध्यक्ष बनाया जाता है। राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव के बाद जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

## सभी उपार्जन केंद्रों में 70 से 80 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका

# धान के धीमे उठाव से परेशान समिति प्रबंधक ने कहा- मुझे लग रही नशे की लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस खरीदी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ रायपुर द्वारा डीओ जारी कर मिलर्स के जरिए उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी कराया जा रहा है, लेकिन जिले में एक ऐसा उपार्जन केंद्र भी है, जिसके प्रबंधक को धीमी गति से धान का उठाव होने पर धान की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। प्रबंधक का कहना है कि इस चिंता के कारण उसे नशे की लत लगने लगी है, जबकि वह नशा करता नहीं है। यह मामला आरंग क्षेत्र के ग्राम गौरभाट उपार्जन केंद्र का है। यहां के प्रबंधक ने विपणन संघ को पत्र लिखकर जल्द से जल्द डीओ जारी कर धान का तेजी से उठाव कराने की मांग की है। इधर इस मामले में विपणन संघ के अधिकारी का कहना है कि गौरभाट को छोड़कर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में 70 से 80 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। गौरभाट उपार्जन केंद्र में भी करीब 60 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है, शेष धान के लिए भी जल्द डीओ जारी कर उठाव करा लिया जाएगा।

आरंग जिले के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित गौरभाट 1686 के प्रभारी समिति प्रबंधक ने जिला विपणन संघ अधिकारी को 28 दिसंबर को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि उपार्जन केंद्र गौरभाट 44002701 में 14 नवंबर से लेकर 27 दिसंबर तक की स्थिति में अन्य धान के साथ 31872.40 क्विंटल सरना धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसके अनुपात में अब तक मात्र 1120.00 क्विंटल सरना धान का डीओ जारी किया गया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 1655.00 क्विंटल धान है। इस तरह खरीदी की तुलना में उठाव बहुत धीमा है। इसके कारण उसके उपार्जन केंद्र में धान का स्टॉक लगातार बढ़ रहा है, जिसकी सुरक्षा की चिंता उसे सताने लगी है। उन्होंने यह भी लिखा है कि वह नशा नहीं करता, लेकिन धान की चिंता के कारण उसे नशा करना पड़ है, जिससे उसे इसकी लत लग रही है।



### डीओ जारी करने के साथ तेजी से किया जा रहा उठाव

धान का डीओ जारी करने के साथ उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। जिले में उपार्जन केंद्रों से अब तक 70 प्रतिशत धान का उठाव किया जा चुका है। शेष उठाव भी जल्द कर लिया जाएगा।

- जशबीर सिंह बघेल, डीएमओ
सहकारी विपणन संघ रायपुर

### गौरभाट में 9320 क्विंटल का डीओ जारी, 5438.30 क्विंटल का उठाव

जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि गौरभाट में कुल 38288.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसकी तुलना में 9320 क्विंटल धान के लिए डीओ जारी कर दिया गया है, वहीं 5438.30 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। उन्होंने बताया कि गौरभाट इलाके के आसपास मिलर नहीं है, इसके कारण अन्य उपार्जन केंद्रों की तुलना में यहां उठाव थोड़ा धीमा होता है। उन्होंने बताया कि शेष धान के लिए भी जल्द ही डीओ जारी हो जाएगा और उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 4 लाख 20 हजार 139 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में 3 लाख 15 हजार 563 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, वहीं 70 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है।

# कवासी और उनके करीबियों पर ईडी छापा, गरमाई सियासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के रायपुर धरमपुरा स्थित घर पर ईडी ने दबिश दी है। ईडी के एक्शन से प्रदेश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने फिर केंद्रीय एजेंसी पर सवाल खड़ा किया है। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे जांच एजेंसी का दायित्व बताया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा पर ईडी की कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी की दुर्भावना को दर्शाती है। जब-जब छत्तीसगढ़ में चुनाव होते हैं, तो कांग्रेस के नेताओं को निशाना बनाती है। अभी नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव होने वाले हैं, इसलिए ईडी के जरिए विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

### जब-जब चुनाव आता है, कांग्रेस नेताओं को बनाया जाता है निशाना : सुशील





### पक्षपात पूर्ण कार्रवाई- धनेन्द्र

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, बहुत बार ईडी ने छापा मारा है, किसी कार्रवाई का ब्योरा नहीं आया है। डरा, धमका कर जबरदस्ती बुलवाना चाह रहे हैं। ईडी की कार्रवाई पूरी तरीके से पक्षपात पूर्ण है।

### गड़बड़ी प्रमाणित हुई : कौशिक



भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, लखमा पूर्व भ्रष्ट सरकार के आबकारी मंत्री रहे। कोयला-शराब घोटाले में कई नेता जेल और बेल पर हैं। जांच एजेंसी को गड़बड़ी का इनपुट मिला होगा। छत्तीसगढ़ में जहां-जहां छापे पड़े, गड़बड़ी प्रमाणित हुई है।

### ईडी केंद्रीय जांच एजेंसी इनपुट के आधार पर जांच करती है : गुप्ता



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, ईडी की जो कार्रवाई हुई है, वह इनपुट के आधार पर है। उन्होंने कहा, कवासी लखमा भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रहे हैं और इस दौरान प्रदेश में 2200 करोड़ रुपए का शराब घोटाला भी हुआ है। कुछ भ्रष्टाचार के मामले भी बस्तर क्षेत्र के सामने आए हैं।

# मनमोहन सिंह के अध्यादेश को फाड़कर राहुल गांधी ने किया था प्रधानमंत्री का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने कहा, प्रणव मुखर्जी कोई अकेले नहीं थे। ऐसे तमाम कांग्रेस के नेता जिनका कद बड़ा हो गया, वे नेहरू-फिरोज परिवार के निशाने पर रहे। कांग्रेस के हर बड़े नेता से नफरत सी रही सोनिया परिवार को। प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न भी नरेंद्र मोदी ने दिया। मनमोहन सिंह के अध्यादेश को उसी हिकारत के साथ फाड़ कर भारत के प्रधानमंत्री का अपमान किया था राहुल गांधी ने जिस हिकारत के साथ आज धर्मग्रंथ जलाए जा रहे हैं।

श्री झा ने कहा, तय मानिए, अगर आज कांग्रेस की सरकार होती न तो दिल्ली में मनमोहन सिंह को दो गज जमीन तो नसीब होना छोड़िए, दिल्ली के किसी सार्वजनिक शवदाह गृह तक में उनका अंतिम संस्कार तक नहीं दिया जाता। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, जिनकी सरकार में वित्त मंत्री रहते मनमोहन सिंह ने वैश्विक यश प्राप्त किया था, उनके साथ क्या किया था सोनिया गांधी ने? वे कांग्रेस मुख्यालय में भी उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन हेतु रखने को तैयार नहीं थी। जब अत्यधिक दबाव के कारण नरसिम्हा राव को लाना पड़ा, तब मात्र 11 लोग उपस्थित थे, उनके दर्शन के लिए। कोई पूछेगा आज कांग्रेस से कि उतने बड़े व्यक्तित्व और विद्वान पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि कहां है। हैदराबाद में उनके अंतिम संस्कार करने पर क्यों विवश किया गया। केवल इसलिए, क्योंकि सोनिया परिवार बिल्कुल नहीं चाहता था कि कोई और बड़ा कद दिल्ली में दिखे जो राजीव खानदान का न हो। नरसिम्हा राव से सोनिया गांधी के घृणा का एक कारण यह भी था कि उन्होंने श्रीअयोध्या में लाशें नहीं बिछने दी।

# नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही होंगे नगरीय निकाय के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम चुनाव में मतदाता बनाने के लिए कार्यक्रमों में संशोधन किया गया है। नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम चुनाव के लिए लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर प्राप्त हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को होगा। नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को किया जाएगा। मतदाता सूची उपलब्ध कराना, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 3 बजे तक, दावे-आपत्तियों का निपटारा 9 जनवरी को किया जाएगा।

नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी तय की गई है। ऐसे युवा मतदाता, जिन्होंने 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकेंगे। नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

### 11 जनवरी तक जुड़ेंगे नाम

नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए निर्वाचक नामावली प्रारूप क-1 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिष्ट्रीकरण अधिकारी का दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी और प्रारूप क-1 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी निधारित की गई है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को किया जाएगा।

**वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की हुई बैठक**

# तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस साल से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। यह जानकारी आज छत्तीसगढ़ के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक दी गई। नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

राज्य में वर्तमान में तेन्दूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से क्रय किया जा रहा है। निजी क्रेताओं को प्रतिभूति राशि जमा करने की अवधि में 15 दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही निजी गोदामों में भंडारण के लिए जमा सुरक्षा निधि की 100 प्रतिशत वापसी की सहमति भी दी गई। प्रबंध संचालक, वन विकास निगम द्वारा सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, और बैकुंठपुर में पाई जाने वाली पांच प्रजातियों के बांस का प्रस्तुतिकरण किया गया। इनमें रोपा, चांई, झींगी, कटंग और पहाड़ी बांस शामिल हैं। इन बांसों का उपयोग कागज, फर्नीचर, सजावटी सामान, टेंट, सेंट्रिंग, और सब्जी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 500 करोड़ रूपए मूल्य का बांस राज्य के कृषकों की भूमि पर उपलब्ध है। सब्जी उत्पादक कृषकों द्वारा प्रति वर्ष लगभग दस करोड़ रुपए के बांस का उपयोग किया जा रहा है।

### बांस के बाजार की मांगी रिपोर्ट



बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण और रेलवे द्वारा बांस का उपयोग क्रेश बैरियर और फेंसिंग में किया जा रहा है, जिससे यह काष्ठ, एल्यूमिनियम और लौह का महत्वपूर्ण विकल्प बनता जा रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने बांस बाजार का विस्तृत सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल में निवासरत परिवारों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए समर्थन मूल्य पर अधिक लघु वनोपज के संग्रहण को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए।

## एनआरडीए ने दी 142 एकड़ जमीन

# नवा रायपुर में बनेगा राज्य का पहला फार्मास्यूटिकल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेंट्रल इंडिया का नया फार्मास्यूटिकल हब बनने जा रहा है। फार्मास्यूटिकल पार्क से नए अनुसंधान, विकास और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 22 ग्राम तूता में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना के लिए 141.84 एकड़ भूमि आबंटित की गई है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं आम लोगों को सहजता से सुलभ हो, इस सोच के साथ राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी ईको सिस्टम तैयार करने की लगातार पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और जनोन्मुख बनाना जरूरी है। फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना इसी की एक कड़ी है। नई औद्योगिक नीति में भी फार्मास्यूटिकल क्षेत्र के उद्योगों को कई अनेक सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

फार्मास्यूटिकल ईकाईयों को 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क से छूट, पंजीयन शुल्क एवं नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति सहित अन्य कई रियायतें दिए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन औद्योगिक नीति में किया गया है।

### फार्मास्यूटिकल इकाइयों को मिलेंगी सुविधाएं : चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि फार्मास्यूटिकल पार्क में आयुष उत्पादों में विशेषज्ञता वाली फार्मास्यूटिकल इकाइयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पार्क फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) सहित आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होगा। अनुसंधान और विकास केंद्र और परीक्षण प्रयोगशाला जैसी आवश्यक सेवाएं भी इसमें शामिल रहेंगी।

### अनुदान का भी प्रावधान

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में फार्मास्यूटिकल सेक्टर में वृहद उद्यम के लिए परियोजना में स्थायी पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 100 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाने का प्रावधान है। फार्मास्यूटिकल इकाईयों को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से लेकर 12 वर्ष तक भुगतान किये गए नेट एसजीएसटी अधिकतम स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति किए जाने अथवा स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। 50 करोड़ से अधिक किन्तु 200 करोड़ रुपए से कम पूंजी निवेश पर अनुदान की अधिकतम राशि 60 करोड़ रुपए, 200 करोड़ से अधिक किन्तु 500 करोड़ रुपए से कम के पूंजी निवेश 150 करोड़ रुपए का अनुदार तथा 500 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी निवेश अधिकतम 300 करोड़ रुपए का अनुदान दिए जाने का प्रावधान भी छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

# मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे जेटली एवं पटवा को किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 28 दिसंबर को स्व. कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि तथा अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि कुशाभाऊ नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरेजी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। उनके जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मविभूषण स्व. अरूण जेटली की 28 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि जेटलीजी ने भारत के वित्त, रक्षा, कॉरपोरेट मामले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभाला और देश के विकास को नई गति दी। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**खबर संक्षेप**



### कोडिन सिरप बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रतिबंधित नशीली कोडिन सिरप के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 53 शीशी सिरप जब्त किया गया है, जिसके संबंध में उनके पास कोई आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। डीडीनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के समीप दो लोग नशीली दवा बेचने के फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कॉलोनी के सूरज कलेत एवं राकेश साहू को हिरासत में लिया। उनके पास रखे थैले में प्रतिबंधित नशीली पदार्थ कोडिन सिरप मिला। बरामद सिरप की कीमत आठ हजार रुपए आंकी गई है।

### मारपीट- फसाद का फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** मारपीट के कई मामलों में फरारी काट रहे बदमाश अमर बाघ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डॉ. राजेंद्र नगर में रहने वाले आरोपी अमर के खिलाफ मच्छी ताण्डी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे चाकू से मारकर चोट पहुंचाई थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और सिविल लाइंस पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज किया था। आदतन बदमाश होने की वजह पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी और सूचना मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चाकू भी बरामद किया गया है।

# निक्षय निरामय अभियान, 18 सौ को फूड बास्केट और 5 सौ को बढ़ी राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अब तक मिले करीब आठ सौ संदिग्ध, पुष्टि के लिए होगी जांच

टीबी संक्रमितों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा दिलाने के लिए चलाए जा रहे निक्षय निरामय अभियान के तहत अब तक 18 सौ को फूड बास्केट और पांच सौ मरीजों को बढ़ी हुई पोषण राशि का भुगतान किया गया है। अभियान के दौरान अब तक आठ सौ संदिग्ध मरीजों का पता चला है जिनकी जांच के बाद पुष्टि की जाएगी।


देश को तपेदिक मुक्त करने के लिए विभिन्न तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत सौ दिन निक्षय निरामय योजना की शुरुआत करीब बीस दिन पहले की गई है। अभियान में हाईरिस्क की श्रेणी में आने वाले रायपुर समेत 19 जिलों में स्क्रीनिंग के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। संदिग्ध मिलने वालों की विभिन्न माध्यमों से जांच की जा रही है। अब तक की जांच में करीब आठ सौ संदिग्ध मरीजों का पता चला है, जिनकी अंतिम पुष्टि के बाद निशुल्क उपचार व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।

दूसरी ओर जांच के दौरान पुराने संक्रमितों को भी शासन की योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक इन जिलों के करीब 1800 संक्रमितों को फूड बास्केट का वितरण किया गया है, वहीं पांच सौ मरीजों को उपचार अवधि के दौरान मिलने वाली दो गुनी पोषण राशि का लाभ दिलाया गया है।

## टीबी संक्रमितों की पहचान के लिए 19 जिलों में अभियान

### छह माह फूड बास्केट और छह हजार रुपए

निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी संक्रमितों को छह माह तक प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए उन्हें हर महीने एक हजार के हिसाब से छह हजार की पोषण राशि प्रदान की जाती है। पूर्व में यह राशि पांच सौ रुपए थी, जिसे बढ़ाकर एक हजार किया गया था। निक्षय निरामय योजना के साथ ही इस राशि के वितरण की शुरुआत भी की गई है।



### रायपुर-दुर्ग में ज्यादा संदिग्ध

इस अभियान के दौरान रायपुर और दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा टीबी संक्रमितों का पता चला है। रायपुर जिले में 200 तथा दुर्ग में 105 संदिग्ध सामने आए हैं। दोनों जिलों में आबादी अधिक होने की वजह से संदेहियों की संख्या अधिक होने का तर्क दिया जा रहा है, जबकि अन्य जिलों में इनकी संख्या सौ से कम है। कोंडागांव जिले में सबसे कम तीन संदेहियों का पता चला है।

# कारी तालाब में एसटीपी के लिए स्पेस नहीं, बंधवा तालाब-खोखो तालाब में निर्माण कार्य धीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रोजेक्ट
- अनुबंधित एजेंसी को फाइनल नोटिस

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आमापारा स्थित कारी तालाब में प्रस्तावित 1 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का प्रस्ताव तालाब में स्पेस नहीं होने से रद्द हो गया। सीएसईबी के पास से बहने वाले नाले के गंदा पानी को तालाब में जाने से पहले उपचारित करने ट्रीटमेंट प्लांट का प्रस्ताव रहा। साथ ही गहरीकरण, सौंदर्यीकरण सहित तालाब की साफ-सफाई पर 3 करोड़ खर्च किये गये। इसी तरह पुरानी बस्ती क्षेत्र के पहलदवा, बंधवा तालाब और खोखो तालाब में नाले-नालियों के गंदा पानी को साफ करने एसटीपी निर्माण अधूरा पड़ा है। अनुबंधित एजेंसी को स्मार्ट सिटी ने काम में लेटलतीफी के लिए फाइनल नोटिस दिया है।

शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड स्थित कारी तालाब के जलस्तर को बनाये रखने की योजना धरी रह गई है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तालाब में नाले का गंदा पानी जाने से रोकने और उसे उपचारित कर तालाब में वापस छोड़ने के मकसद से 1 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने प्रोजेक्ट तैयार किया गया, पर कुछ ही समय बाद अधिकारियों ने तालाब सौंदर्यीकरण और गहरीकरण प्रोजेक्ट से एसटीपी निर्माण के काम को यह कहकर हटा दिया कि 1 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट के हिसाब से तालाब में पर्याप्त स्पेस नहीं है। विदित हो कारी तालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत तालाब पार में बसे खपराभट्ठी के 150 रहवासियों की झुग्गी झोपड़ी हटाकर उन्हें भाठागांव, मठपुरैना और जरवाय स्थित बीएसयूपी आवास में व्यवस्थापन के तहत शिफ्ट कराया गया। पूर्व में कारी तालाब के पास चौपाटी निर्माण का कार्य प्रोजेक्ट में शामिल रहा, पर जन विरोध के बाद चौपाटी निर्माण का काम प्रोजेक्ट से हटा दिया गया।



### बंधवा तालाब में एसटीपी निर्माण का काम सुस्त, एजेंसी को नोटिस

राजधानी के बंधवा तालाब, खोखो तालाब और पहलदवा तालाब में गंदे पानी को साफ करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए पुणे की समृद्धि एजेंसी को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने ठेका दिया है। एसटीपी निर्माण का काम बेहद धीमा होने के कारण स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा द्वारा अनुबंधित एजेंसी के अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ ही काम जल्द पूरा करने फाइनल नोटिस दिया गया है। विदित हो, अनुबंधित एजेंसी को इसके अलावा महामाया मंदिर वार्ड स्थित महाराजबंद तालाब, शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब में एसटीपी निर्माण का काम मिला हुआ है। संबंधित स्थलों पर एसटीपी निर्माण का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

### नोटिस दिया है


शहर के 3 तालाबों में गंदे पानी को उपचारित करने एसटीपी निर्माण कराया जा रहा है, स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी को फाइनल नोटिस दिया गया है और बकाया काम को जल्द पूरा करने निर्देश दिये गये हैं।

**- *पीके पंचायती***
*अतिरिक्त महाप्रबंधक, तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

# माता कौशल्या विहार के रहवासियों को अंधेरे से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आरडीए ने किया 3 .50 करोड़ का टेंडर
- लूटपाट और दुर्घटना का बना हुआ था खतरा



माता कौशल्या विहार के रहवासियों के लिए एक राहत भरी खबर है। महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें जगमग रोशनी से रोशन होंगी। रायपुर विकास प्राधिकरण ने कौशिल्या विहार में स्ट्रीट लाइट और बिजली संबंधी कामों के लिए 3.50 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है। काम लेने वाली फर्म को 1 साल तक रखरखाव भी करना होगा।

दरअसल, कौशल्या विहार के रहवासियों को इन दिनों विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। रहवासी इलाके के कई मार्गों की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। प्राधिकरण ने प्रारंभ में खंभों पर स्ट्रीट लाइट के रूप में सोलर पैनल लगाए थे। शुरुआत में सोलर पैनल के जरिए सड़कें जगमग रहीं, पर कुछ महीनों बाद सोलर पैनल न केवल खराब होते गए, बल्कि उसमें से ज्यादातर पैनल चोरी हो गए। जिन इलाकों में बसाहट कम है, वहां की लाइटें अरसे से बंद की होने की शिकायत भी प्राधिकरण को मिल रही थी। कौशल्या विहार रेसीडेंस एसासिसेशन ने भी मुख्य मार्ग सहित अलग-अलग सेक्टर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बंद रहने के कारण देर शाम असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहने पर नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों से समस्या समाधान की गुहार लगाई थी।

यही नहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी प्रतिनिधिमंडल ने जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर उनका ध्यान आकर्षित कराया। जन शिकायत के बाद प्राधिकरण ने इस पर संज्ञान लिया है। जल्द शीघ्र ही कौशल्या विहार में स्ट्रीट लाइट फिर से जगमगाएगी। आरडीए ने कौशल्या विहार में बिजली संबंधी कार्यों तथा खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाने टेंडर जारी किया है। टेंडर 17 जनवरी तक भरे जा सकेंगे।


## बिजनेस साइट

### ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह

**रायपुर।** ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल अपने वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह 2024-25 के भव्य आयोजन के लिए तैयार है। यह आयोजन रविवार को सुबह 10.30 बजे से स्कूल परिसर रायपुर में संपन्न होगा। यह दिन विद्यालय के इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने वाला होगा। इस कार्यक्रम में देश के वीर सपूत और परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव की उपस्थिति होगी। कारगिल युद्ध के दौरान उनकी वीरता की कहानी हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल ने शिक्षा, अनुशासन और देशभक्ति के प्रति समर्पण के क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचय दिया है। इस वार्षिकोत्सव के माध्यम से विद्यालय अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करेगा और छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देगा। कार्यक्रम में छात्रों को उनकी शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।





### एमएम स्कूल में 'छग रैपिड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट 2024'

**रायपुर।** एमएम स्कूल ने टीम चेसगढ़ और रायपुर जिला शतरंज संघ के सहयोग से पहला एमएम स्कूल चेस ओपन-2024 का सफल आयोजन किया, जो एक प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट था। छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ द्वारा मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में तीन प्रमुख श्रेणियां अंडर-9, अंडर-15 और ओपन एज में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। टूर्नामेंट के आयोजन में एमएम स्कूल के अध्यक्ष इंदरलाल थौरानी, छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुंटे, रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला, एमएम स्कूल के निर्देशक मयूर थौरानी, सिद्धार्थ थौरानी और प्रधानाचार्य डॉ. संजय भट्टाचार्य का अहम योगदान रहा। टूर्नामेंट का समापन 29 दिसंबर को होगा, जिसमें पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कार वितरित करेंगे।






### शिवोम शिवांजलि महोत्सव में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम






**रायपुर।** शिवोम विद्यापीठ शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'शिवोम शिवांजलि महोत्सव' का आयोजन समता कॉलोनी स्थित महाराज अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में धूमधाम से किया गया। इस महोत्सव ने विभिन्न प्रांतों के सांस्कृतिक रंगों को एक मंच पर लाकर कला की विविधता और समृद्धि का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। आयोजन में संस्था प्रमुख अवधेश शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली और सांकरा की प्रिंसिपल जया बंदेलू ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह महोत्सव न केवल कला और संस्कृति का उत्सव था, बल्कि एकता और विविधता के प्रतीक के रूप में भी उभरा, जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

### स्वदेशी मेले के दूसरे दिन व्याख्यानमाला और व्यंजन स्पर्धा

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले के दूसरे दिन मेला स्थल पर कुटुंब प्रबोधन विषय पर व्याख्यानमाला और व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर के संघचालक महेश बिड़ला ने कुटुंब और उसके गुणों पर प्रकाश डाला, जिससे उपस्थित जनसमूह को भारतीय संस्कृति के महत्व से अवगत कराया। वहीं बाजरे पर आधारित व्यंजन प्रतियोगिता में स्वादिष्ट व्यंजनों की महक से मेला स्थल गुलजार हो गया। प्रतियोगिता में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से सुनीता व्यास और सुषमा चोपकर को विजेता घोषित किया गया। स्वदेशी मेला में रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 से 1 बजे तक बच्चों के लिए रंग भरो और चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे शिशु वेशभूषा प्रतियोगिता और संध्या 7 बजे एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रांतीय सामाजिक सांस्कृतिक समागम के तहत 'खुशबू पंजाब दी' के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संध्या में आयोजित होंगे।






### साईं टीवीएस में 'अपाचे 160 4वी यूएसडी' के नए मॉडल की लॉन्चिंग

**रायपुर।** टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने अपाचे 160 4वी यूएसडी के नए मॉडल को रायपुर के फाफाडीह स्थित साईं टीवीएस एक्सक्लूसिव शोरूम में लॉन्च किया। इस अवसर पर शोरूम में 6 अपाचे मोटरसाइकिलों की तत्काल डिलीवरी भी की गई। लॉन्चिंग इवेंट में टीवीएस मोटर कंपनी के नीरज सिंह और देवाशीष पांडा विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा शोरूम के डायरेक्टर हरीश मथानी, सुमित सजनानी, विकास मथानी, लक्ष्य मथानी और अमनमीत सिंह सलूजा भी मौजूद रहे। शोरूम के मैनेजर भूपेंद्र यादव ने बताया कि यह मॉडल युवा राइडर्स के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जो स्टाइल और प्रदर्शन दोनों में उत्कृष्टता चाहते हैं।





# सर्दी-बुखार का इलाज करने वाला 'हमर क्लीनिक' अधूरा, केंद्र से तीन सौ करोड़ रुपए नहीं मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश में ढाई सौ बन पाए, 15वें वित्त आयोग की दो किस्त अटकी

सर्दी-बुखार का इलाज में मरीजों के होने वाले खर्च को बचाने के लिए बनाई गई हमर क्लीनिक की योजना फंड नहीं मिलने की वजह से पूरी नहीं हो पाई है। 15वें वित्त आयोग की दो किस्तों के करीब तीन सौ करोड़ रुपए नहीं मिलने की वजह इनका काम पूरा नहीं हो पाया है। राज्य में 364 हमर क्लीनिक बनाए जाने थे, मगर ढाई सौ बन पाए और 115 स्थानों में कहीं केवल बोर्ड लगा, तो कहीं अधूरा निर्माण पड़ा हुआ है।

सामान्य तरह की बीमारी के इलाज के लिए निजी क्लीनिक में मरीजों को एक हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। इस खर्च को बचाने और लोगों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने के लिए हमर क्लीनिक की योजना बनाई थी। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जा रही थी। पहली किस्त मिलने पर राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों की मदद से राज्य में 264 हमर क्लीनिक खोले गए। इनमें से ज्यादातर का संचालन किराए अथवा नगर-निगम से मिले सामुदायिक भवन के एक हिस्से में किया गया। कुछ के लिए भवन का निर्माण किया गया। योजना के मुताबिक 15वें वित्त आयोग में वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में करीब तीन सौ करोड़ का भुगतान नहीं किया गया, जिसकी वजह से अस्थायी भवन में संचालित होने वाले हमर क्लीनिक के लिए स्थायी भवन अस्तित्व में नहीं आ सके, 117 का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है।




### रायपुर जिले में पचास

योजना के मुताबिक संचालित तमाम शहरी उपस्वास्थ्य केंद्रों को हमर क्लीनिक के रूप में परिवर्तित किया जाना है। रायपुर जिले में 76 स्थानों पर हमर क्लीनिक शुरू किया जाना था, जिसमें से पचास खुल पाए हैं। शेष स्थानों पर हमर क्लीनिक बनाने की योजना अधूरी पड़ी है। पचास में करीब चालीस स्थानों पर डाक्टरों की नियुक्ति की जा चुकी है और दस के लिए डाक्टर आने का इंतजार है।

### नियम का पालन नहीं

हमर क्लीनिक में चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति की जाती है। इसके अलावा एक नर्सिंग स्टाफ एक मेल एमबीडब्लू, एक डेटा एंट्री आपरेटर और चतुर्थ वर्ग कर्मचारी की नियुक्ति की जानी थी। योजना के मुताबिक इसका संचालन चौबीस घंटे और सातों दिन किया जाना है, मगर ऐसा हो नहीं पा रहा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि स्टाफ के अभाव में यहां की सुबह और शाम को ओपीडी का संचालन हो पाता है।

### राशि आवंटन होने का इंतजार

हमर क्लीनिक के अधूरे होने का मामला विधानसभा में आया था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया था कि इसके लिए मिशन संचालक एनएचएम द्वारा पांचवें महीने में राशि जारी करने के लिए पत्र प्रेषित किया है। इसके लिए राशि आवंटन होने का इंतजार किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष ...

### नहीं सुधर रहे रेत...

सभी गाड़ियों को जब्ती बनाते हुए उनके मालिकों पर कार्रवाई कर अर्थदंड वसूला जा रहा है। **6 लाख 50 हजार का अर्थदंड** : आबकारी विभाग ने पकड़ी गई प्रत्येक गाड़ी के मालिक के विरुद्ध 30 हजार 9 सौ रुपए का अर्थदंड लगाया है। इस तरह 21 गाड़ियों के मालिकों पर कुल 6 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। पकड़ी गई गाड़ियों को ऊपरवारा, माना, खरोरा, मंदिर हसौद एवं विधानसभा थाना परिसर में जब्ती कर खड़ा किया गया है। **इन खदानों में चल रहा अवैध उत्खनन** : जिले में इन दिनों माफिया द्वारा ग्राम कर्मंदी, लखना, पारागांव, कुरुद, चाउभीबंध व चिखली खदानों में रेत का अवैध उत्खनन कराया जा रहा है। इन खदानों में रात के समय उत्खनन कराया जा रहा है, ताकि विभाग की टीम भी खदानों में छापा मार नहीं पाए। **रात में छापा मारने में जान का खतरा** : विभाग की टीम रात के समय में सिर्फ अवैध परिवहन में संलिप्त गाड़ियों को ही पकड़ने की कार्रवाई कर रही है, जबकि विभाग को इसकी सूचना भी मिल रही है कि किन खदानों में रात में रेत का अवैध उत्खनन का काम कराया जा रहा है, लेकिन इन खदानों में रात में छापा मारने में कहीं न कहीं विभागीय टीम के अधिकारी-कर्मचारी भी डर रहे हैं, क्योंकि उनके पास न ही माफिया के गुर्गों से सामना करने के लिए कोई हथियार होते हैं और न ही स्पॉट पर लाइटिंग की कोई व्यवस्था रहती है।

### बिना रॉयल्टी पर्ची के...

निरीक्षण करते हुए 21 गाड़ियों को पकड़ा। इनमें 18 गाड़ियों में रेत, 2 में मुरुम व 1 में गिट्टी भरी हुई थी। इन गाड़ियों के चालकों के पास रॉयल्टी पर्ची भी नहीं मिली। पूछताछ में चालकों ने रेत को अलग-अलग खदानों से लोडिंग कराकर परिवहन कर ले जाने की बात कबूल की। विभाग ने इसके बाद सभी गाड़ियों को जब्ती बनाते हुए उनके मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया है। टीम में सैनिक लुकेश वर्मा, जितेंद्र केसरवानी, रिजवान खान, दयाराम साहू, पायलट छबि शामिल रहे।

### इन मालिकों की...

निवासी प्रहलाद तिवारी, मुंगेली निवासी रूपेंद्र यदु, महासमुंद निवासी के यदु, नकटी मंदिर हसौद निवासी टीकाराम यदु। रायपुर निवासी अजय पांडे, मनीष झा, सुजीत गुप्ता, भूपेश साहू। पंडरिया निवासी बद्री चंद्रवंशी, दीपक राठी, रोशन जैन। साजा निवासी रामकुमार साहू एवं खैरागढ़ निवासी देवेंद्र साहू।

### शास्त्री चौक में...

में फंसते हैं। बार-बार ट्रैफिक अवरुद्ध होने से लोगों को सिग्नल पार करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। **दो लाख से ज्यादा ट्रैफिक का दबाव** : शास्त्री चौक के पास 24 घंटे में दो लाख से ज्यादा वाहनों का दबाव रहता है। इनमें दोपहिया से लेकर छोटे चारपहिया तथा ऑटो भी शामिल हैं। ऑटो की संख्या कम होने की बावजूद ट्रैफिक जाम के प्रमुख कारण ऑटो वाले ही बनते हैं। इसकी वजह ऑटो चालक मनमाने तरीके से वाहन चलाने के साथ किसी भी जगह सवारी चढ़ाने तथा उतारने के लिए ऑटो रोक देते हैं।

### ऑटो, ई-रिक्शा के...

बंजारी चौक में सवारी उतारकर यू टर्न लेकर वापस जा सकेंगे एवं रेलवे स्टेशन जाने के लिए बंजारी चौक से राजभवन चौक-आंबेडकर चौक-आक्सीजोन होकर खालसा स्कूल चौक से मरहीमाता चौक होकर आवागमन कर सकेंगे।

### सालभर में 1300 से...

प्रभावित हुई है। ट्रेन रद्द में एक्सप्रेस ट्रेन 900 से अधिक है, तो वही लगभग 400 से अधिक लोकल पैसेंजर ट्रेन शामिल है। ट्रेनों के रद्द होने से सालभर में जोन करोड़ों रुपए यात्रियों को रिफंड दे चुका है। एक ट्रेन के रद्द होने से लगभग 1200 से अधिक यात्री प्रभावित होते हैं, जिससे लगभग 60 से 70 हजार में यात्रियों को रिफंड देता है। इस बार रेलवे ने ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन कर परेशानी बढ़ाई है। **मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना** : रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों पर मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है। इस वजह से मालगाड़ी को रद्द नहीं किया जाता।

### पिछले साल से...

6 किलोमीटर गेज परिवर्तन का काम पूरा किया है, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। 224 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन।

## खबर संक्षेप

### मुझे मोबाइल चोरी के केस में फंसा रही पुलिस, कैमरे की जांच में खुलेगी पोल



**रायपुर।** अंबिकापुर के मणिपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एलएलबी की छात्रा ने पुलिस पर मोबाइल चोरी के झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा प्रेमा (जोया) साहू ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 24 दिसंबर को थाने से आए पुलिस बल मुझे जबरिया गाड़ी में बैठाकर थाने लेकर गया। थाने में एक पुलिस कर्मी ने शारीरिक शोषण का प्रयास किया। उसकी बात नहीं मानने पर झूठे केस में बदनाम किया जा रहा है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि जिस समय मुझे घर से जबरिया घसीटते हुए गाड़ी में बैठाया गया, उस समय उनके साथ एक भी महिला पुलिस कर्मी नहीं थी। थाने में पुलिस कर्मियों ने बाल को पकड़ते हुए घसीटा व मारा। थाना प्रभारी के कहने पर एक पुलिस कर्मी मुझे एक अलग कमरे में ले गया। वहां उसने शारीरिक शोषण का प्रयास किया। आपत्ति करने पर जेल भेजने की धमकी दी। कोर्ट से जमानत लेने की स्थिति पैदा की और गलत न्यूज प्रसारित करके बदनाम किया गया। मामले को लेकर अब समाज के साथ ही गृहमंत्री विजय शर्मा से शिकायत की है। थाने में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की जांच भी कराई जाए, इससे पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की पोल खुलेगी। यह मांग सभी जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है।

### सोंढूर परियोजना के कार्यों के लिए 7.97 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखंड सिमगा की सोंढूर परियोजना के अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के जांगड़ा वितरक नहर व उसकी केशली एवं मुड़पार माईनर के रिमाडलिग-सीसी लाइनिंग कार्य के लिए 7 करोड़ 97 लाख 27 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

# 930 करोड़ की बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने की योजना को केंद्र सरकार का झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की फुंडहर से तेलीबांधा, जयस्तंभ चौक होते हुए टाटीबंध तक के बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की योजना अब खटाई में पड़ गई है। 930 करोड़ की योजना राज्य सरकार से मंजूरी के बाद केंद्र सरकार के पास भेजी गई थी।

केंद्र सरकार से यह योजना लंबे समय बाद अंततः नामंजूर हो गई है। केंद्र सरकार से इस योजना के लिए मदद न मिलने के कारण अब यह योजना पूरी नहीं हो सकेगी। इस योजना को पूरा करना है, तो इसके लिए पूरे पैसे राज्य सरकार को खर्च करने पड़ेंगे। ऐसे में फिलहाल योजना को टाल दिया गया है। राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के दिशा में कई काम हो रहे हैं। शहर के अंदर बिजली के तारों का जाल बिछा हुआ है। अलग-अलग योजनाएं बनाकर बिजली तार हटाने की योजना पर काम हो रहा है। कुछ योजनाओं पर स्मार्ट सिटी खुद काम कर रही है। इसमें बूढ़ातालाब के चारों तरफ के तार अंडरग्राउंड किए गए हैं। इसके पहले स्मार्ट सिटी ने पॉवर कंपनी को आधा दर्जन से ज्यादा मार्गों के तार अंडरग्राउंड करने का काम दिया था, पर इसके टेंडर में गड़बड़ी के कारण पॉवर कंपनी से स्मार्ट सिटी ने पैसे वापस भी ले लिए थे। अब इस पर स्मार्ट सिटी लिमिटेड खुद काम कर रहा है। इधर पॉवर कंपनी भी अपनी योजनाओं पर काम कर रही है।

**फुंडहर से टाटीबंध तक के बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की दो साल पहले बनी थी योजना**

#### लंबी योजना को लगा झटका

पॉवर कंपनी ने एक बड़ी और लंबी योजना तैयार की थी। इस योजना में वीआईपी रोड फुंडहर चौक से लेकर टाटीबंध तक केबल अंडरग्राउंड किए जाने थे। इस मार्ग पर फुंडहर से राम मंदिर के पास वीआईपी चौक से तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, भगत सिंह चौक, नगर घड़ी, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, महोबा बाजार होते हुए टाटीबंध चौक तक पूरे मार्ग के तार अंडरग्राउंड करने का काम होना था। योजना का प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार से मंजूरी लेकर इसको केंद्र सरकार को पिछली सरकार में ही मंजूरी के लिए भेजा गया था।



### महतारी वंदन योजना की एक हितग्राही का खाता और मोबाइल नंबर बदलने से नहीं मिल पा रही राशि

# तीन माह खाते में आई राशि, चौथे महीने से खाता मोबाइल नंबर बदला, 8 महीने से भटक रहीं महतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बैंक में आधार अपडेट कराना महतारी वंदन योजना पर भारी पड़ने लगा है। आधार अपडेट कराते ही डीबीटी भी शून्य हो जा रहा है। यानी आधार का खाते से लिंक खत्म हो जाता है, जिसके कारण पात्र महिलाओं के खातों में राशि आना भी बंद हो जा रही है। इसी प्रकार एक से अधिक बैंक खाता व अलग-अलग मोबाइल नंबर से खाता खुलवाने और डीबीटी कराने से भी बैंक खाते के नंबर के साथ मोबाइल नंबर भी चेंज हो जा रहा है, जिसके कारण योजना की राशि हितग्राही के खाते में न आकर दूसरे खाते में जा रही है। इस तरह का एक मामला राजधानी रायपुर में आया है। एक महिला के खाते में तीन महीने तक योजना की राशि आई, लेकिन चौथे महीने से राशि मिलना बंद हो गई। महिला ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला कि उसका खाते के साथ मोबाइल नंबर ही बदल गया है, जिसके कारण उसके नाम पर दूसरे के खाते में यह राशि ट्रांसफर हो रही है। महिला ने इसकी विभाग में शिकायत भी की है। इसके बाद भी पिछले करीब 8 महीने से महिला की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया, जिसके कारण योजना की राशि फर्जी खाता नंबर में ही जमा हो रही है। इसी प्रकार ऐसे अन्य कई प्रकरण हैं, जिसमें तीन महीने तक योजना की राशि मिलने के बाद खातों में राशि आना किसी न किसी कारण से बंद हो गई है। ये महिलाएं विभाग के साथ बैंकों के चक्कर काट रही हैं।

**केस 1**



*ग्राम छपोरा रायपुर निवासी प्रणिता पांडे ने बताया कि वह भी महतारी वंदन योजना की हितग्राही है। योजना लागू होने के बाद शुरुआती 3 महीने तक उसके खाते में एक हजार रुपए की राशि आती रही, लेकिन चौथे महीने से राशि आनी बंद हो गई है। इसके बाद से वह लगातार विभाग और बैंक का चक्कर काट रही है।*

**केस 2**



*शिवमंदिर के पास पंडरी निवासी वर्षा यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना की वह हितग्राही है। योजना लागू होने के बाद तीन महीने तक उसके बैंक खाते में एक हजार रुपए की राशि आती रही, लेकिन चौथे महीने से राशि आना बंद हो गई। बैंक और महिला एवं बाल विकास विभाग में पूछताछ की, तो उसे पता चला कि उसका खाता नंबर व मोबाइल नंबर दोनों बदल चुके हैं, जबकि खाते का नाम उसी के नाम पर है। इसके कारण उसके खाते में पैसे नहीं आ रहे हैं। उसका खाता और मोबाइल नंबर कैसे बदल गया, इसकी जानकारी विभाग और बैंक से उसे नहीं मिल पा रही है। वर्षा का कहना है कि खाता नंबर और मोबाइल नंबर जोड़ने के लिए वह पिछले 8 महीने से विभाग में चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया है।*

**केस 3**



*रायपुरा निवासी राधा सोनी ने बताया कि उसका नाम महतारी वंदन योजना की पात्र सूची में है। इसके बाद भी उसे योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना जब से शुरू हुई है, तब से वह विभाग और बैंक दोनों के चक्कर काट रही है।*

#### इस कारण से आ रही दिक्कत

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पात्र सूची में जितनी महिला हितग्राहियों के नाम हैं, उन सभी को योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से राशि जारी होती है, लेकिन कई हितग्राहियों के आधार का खाते से लिंक नहीं होना, डीबीटी नहीं होने के कारण उनके खातों में राशि जा नहीं पाती।

#### आधार अपडेट कराने के बाद भी बैंक में डीबीटी के साथ रीकेवाइसी कराना अनिवार्य

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कई हितग्राही डीबीटी कराने के बाद अपना आधार अपडेट करा रहे हैं। आधार अपडेट कराने के बाद केवाइसी और डीबीटी दोनों शून्य हो जाता है, जिसे दोबारा कराना होता है। आधार अपडेट के बाद री-केवाइसी व डीबीटी नहीं कराने वाली महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर नहीं हो पा रही है।

#### हर महीने 2 हजार खातों में पहुंच नहीं पा रही राशि

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत रायपुर जिले में दो लाख 30 हजार महिलाओं के नाम पात्र सूची में हैं। प्रत्येक महीने इन महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे ट्रांसफर की जाती है, लेकिन जब से यह योजना लागू हुई है, उसके बाद से सैकड़ों महिलाएं ऐसी भी हैं, जिनके खातों में शुरुआती करीब 3 महीनों तक राशि पहुंची, लेकिन चौथे महीने से राशि मिलना बंद हो गई। इसके अलावा सूची में कई पात्र महिलाओं को अब तक एक बार भी राशि मिल नहीं पाई है। ये महिलाएं लगातार विभाग से लेकर बैंकों के चक्कर काट रही हैं, वहीं दूसरी ओर विभाग खुद को मात्र एजेंसी मानकर योजना पर काम रहा है। यही कारण है कि विभाग के कार्यालय में पहुंचने वाली महिलाओं को वहां के अधिकारियों द्वारा आधार अपडेट, आधार से खाता लिंक नहीं होना या डीबीटी नहीं कराने जैसी गलती बताकर उन्हें बैंक जाने की सलाह दी जा रही है।

#### हितग्राही समझ नहीं पाते डीबीटी कौन से बैंक से

एक से अधिक बैंक खाता खोलने के कारण हितग्राही समझ नहीं पाते है कि उनका डीबीटी कौन से बैंक से हुआ है। आधार अपडेट कराने के बाद डीबीटी शून्य हो जाता है, जिसके बाद राशि उसी बैंक खाता में आएगी, जिसका डीबीटी हुआ हो। यही कारण है कि कई महिलाओं के खाते में राशि जा नहीं रही है।

- **नमिता दलेला,** महतारी वंदन योजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, विरोध में मुस्लिम समाज की मौन रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बांग्लादेश में असामाजिक तत्व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कर रहे हैं। इस उत्पीड़न के खिलाफ मुस्लिम समाज ने शनिवार शाम आलिया चौक पर सभा करके हो रहे अत्याचार की घोर निंदा की। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के लोग मौन रैली का हिस्सा बनने के साथ ही वे नगर घड़ी चौक पहुंचे। वहां जिला प्रशासन के निर्देश पर एडीएम ने ज्ञापन लिया।

- जिला प्रशासन के माध्यम से दिया ज्ञापन

राजधानी में मुस्लिम समाज छत्तीसगढ़ के मो. इकबाल, अब्दुल गनी, शोएब खान, फैजल रिजवी, नौमान अकरम, राहिल रऊफी की अगवाई में समाज के लोगों ने बांग्लादेशी अंतरिम सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफलता को लेकर विरोध किया। शांति और सौहार्द्र बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ लोगों में रोष है। घटना की भर्त्सना एवं असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे अत्याचार की घोर निंदा की। जाकिर धुरसेना, नईम अशरफी, सलाम रिजवी ने बताया कि केन्द्र शासन तक मांग पहुंचाई जाए, ताकि अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे अत्याचार पर रोक लगाते हुए वहां सौहार्द्र का माहौल बनाया जा सके।

### क्रियान्वयन समिति बैठक कल

**रायपुर।** पर्यावरण, वन और जलवायु पर्यावरण मंत्रलाय भारत सरकार के निर्देशन में गठित रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक 30 दिसंबर को गांधी सदन में आयोजित है। दोपहर 12 बजे होने वाली बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए चर्चा होगी। बैठक में बिरगांव नगर निगम आयुक्त, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक यातयात, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन, कार्यपालन अभियंता 15 वें वित्त आयोग और नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी शामिल होंगे।

### प्रधान न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के नवपदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रमेश कुमार चौहान ने शनिवार को रायपुर केंद्रीय जेल पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के पुरुष एवं महिला सेल को देखा। साथ ही जेल परिसर एवं जेल बैरकों की सफाई व्यवस्था तथा कैदियों को दिए जाने वाले भोजन आहार का भी निरीक्षण किया।

न्यायाधीश बीपी वर्मा ने जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के क्रियान्वयन का अवलोकन किया। साथ ही लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं न्यायमित्र (पीएलवी) को वहां रहने वाले कैदियों को हरसंभव विधिक सुविधा प्रदान किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कोई भी बंदी बिना विधिक प्रतिनिधि या अधिवक्ता के न रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा।




#### कैदियों से की बात, अधिकारों के बारे में कराया अवगत

न्यायाधीश ने विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से कैदियों को लीगल एड क्लीनिक की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी और कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। इस बातचीत के दौरान न्यायाधीश ने व्यक्तिगत रूप से कैदियों की परेशानियों को भी सुना।

न्यायाधीश ने जेल के हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित चिकित्सकों से बातचीत कर भर्ती मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को कैदी या अपराधी ना समझते हुए केवल मरीज समझकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हरसंभव उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करें।

### यात्रा भत्ता में बढ़ोतरी पर आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संरक्षक अनिल श्रीवास्तव, प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जिला अध्यक्ष फारूक कादरी ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के स्थाई में बढ़ोतरी का स्वागत किया है। पदाधिकारी द्वय का कहना है संघ द्वारा यात्रा भत्ता की दरों में संशोधन की मांग की जा रही थी। इसके बाद विचार कर दरों को संशोधित कर बढ़ोतरी करने का निर्णय लेकर आदेश जारी किया गया है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें**

**9827555678, 8224868411**









हरिभूमि
रायपुर, रविवार 29 दिसंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

# छग विद्युत वितरण कंपनी में ग्रेजुएट एवं डिप्लोमा अप्रेंटिस पदों पर भर्ती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में ग्रेजुएट एवं डिप्लोमा अप्रेंटिस के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। जो अभ्यर्थी सरकारी नौकरी की तलाश में हैं, वे निर्धारित अंतिम तिथि 30 दिसंबर तक एप्लिकेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने के लिए पहले पोर्टल nats.education.gov.in पर जाकर पंजीकरण करना होगा। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद अभ्यर्थी सभी आवश्यक दस्तावेज अटैच करके तय तिथि के अंदर फॉर्म निर्धारित पते पर भेज सकते हैं। अभ्यर्थी आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी स्वयं या डाक द्वारा निर्धारित पते मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण अनुसंधान एवं विकास), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कोटा रोड गुढ़ियारी, रायपुर में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने का समय शाम 3 बजे से लेकर 5 बजे तक रहेगा। इस भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन निशुल्क किया जा सकता है।

CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

### स्नातक होना आवश्यक

ग्रेजुएट अप्रेंटिस इंजीनियरिंग पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का इंजीनियरिंग/ टेक्नॉलॉजी में ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। ग्रेजुएट अप्रेंटिस नॉन इंजीनियरिंग पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी भी विषय से स्नातक होना आवश्यक है। इसके अलावा डिप्लोमा अप्रेंटिस पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा प्राप्त होना जरूरी है।

### इस तरह होगा चयन


सीएसपीडीसीएल की ओर से इस भर्ती के जरिए कुल 80 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें से ग्रेजुएट अप्रेंटिस (इंजीनियरिंग) के 24 पदों, डिप्लोमा अप्रेंटिस (इंजीनियरिंग) के 38 पदों और ग्रेजुएट अप्रेंटिस (नॉन इंजीनियरिंग) के 18 पदों पर भर्ती की जाएगी। ग्रेजुएट इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को प्रतिमाह 9000 रुपए स्टाइपेंड, वहीं डिप्लोमा अप्रेंटिस पदों पर चयनित उम्मीदवारों को 8000 रुपए प्रति महीने स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन स्नातक अप्रेंटिस के लिए ग्रेजुएशन में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप की अवधि एक वर्ष के लिए होगी। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन कर ही फॉर्म भरें।

> "जलपारियों की कहानी हम सभी ने बचपन से सुन रखी है, लेकिन इन दिनों राजधानी के रावणभाठा मैदान में लगे डिज्नीलैंड मेले में ऐसी जलपरियां देखी जा सकती हैं। फिलिस्तीन से आईं जलपरियां करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर रही हैं। जलपरियों के भेष में तीन महिला कलाकार हैं। इनकी कलाबाजी देख हर कोई दंग रह जाता है।मेले में यही सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र है।"

# फिलिस्तीन की जलपरियां... 60 सेंकड सांस रोककर पानी में दिखा रहीं डांस

## डिज्नीलैंड मेले के फिश टनल में फिलिस्तीनी युवतियां अपनी कौशल कला से कर रहीं रोमांचित

**रायपुर।** कलाकारों के मुताबिक पिछले 5 सालों से अधिक इस फील्ड में काम कर रही हैं। वे कई देशों में अपना शो दिखा चुकी हैं। फिलहाल वे पिछले कुछ साल से भारत में हैं। जलपरियों का कहना है कि यहां काम करने में भी काफी मजा आ रहा है। पानी में काम करना स्ट्रगल से कम नहीं है। पानी में प्रेशर हाई रहता है। साथ ही ऑक्सीजन की कमी होती है और एक्सप्रेशन व करतब दिखाने के लिए ऑक्सीजन की खपत भी अधिक होती है। टनल में जलपरियां अपनी कौशल कला से सभी दर्शकों को रोमांचित कर रही हैं।



### बच्चों और बड़ों के लिए देसी-विदेशी झूले

डिज्नीलैंड मेले में विभिन्न प्रकार के झूलों के साथ बच्चों के लिए भी विशेष प्रकार के झूले उपलब्ध हैं। इस मेले में व्यंजनों से लेकर झूलों तक का आनंद उठा सकते हैं। वहीं विदेशी झूलों में सुनामी, तरंग, रोलिंग टॉवर, रेंजर, ब्रेक डांस, रोलर कोस्टर, टॉवर झूला के साथ-साथ रशियन झूला का भी आनंद ले रहे हैं, जो राजधानी में पहली बार आया है। बच्चों और बड़ों को यहां देसी और विदेशी झूले पसंद आ रहे हैं।





### ठंड से बचने हीटर से पानी गर्म



जलपरी की वेश में रहने वाली फिलिपींस की फ्रेंसेस जॉय बताती हैं कि यहां काम करने में काफी मजा आ रहा है। पानी में काम करना स्ट्रगल से कम नहीं है। पानी में प्रेशर हाई रहता है, साथ ही ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और करतब दिखाने के लिए ऑक्सीजन की खपत भी अधिक होती है। हर 30 सेकंड में सांस लेने के लिए बाहर आना पड़ता है। एक जलपरी की शिफ्ट 30 से 40 मिनट रखी गई है। पानी हीटर से गर्म किया जा रहा है, ताकि आर्टिस्ट को ठंड से बचाया जा सके।

### फन वर्ल्ड में दुबई सिटी थीम की झलक

शहर में चार जगहों पर मेला लगा हुआ है, जिसमें विभिन्न देशों की झलक लोगों को देखने मिल रही है। गॉस मेमोरियल ग्राउंड में लगे फन वर्ल्ड मेले में दुबई थीम बेस्ड कार्निवल, लंदन ब्रिज के अलावा यहां कई ऐतिहासिक स्मारक स्थल की कलाकृतियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। पूरे मेले को दुबई सिटी थीम पर तैयार किया गया है, जहां बुर्ज खलीफा के साथ सेल्फी प्वाइंट का भी भरपूर आनंद राजधानीवासी ले रहे हैं। वहीं फ्रांस का एफिल टॉवर और लंदन का वॉच टावर भी विशेष आकर्षण का केंद्र है। लड़कों और लड़कियों के लिए कपड़ों की खरीदारी करने भी लोग पहुंच रहे हैं। खास बात ये भी है कि पर सिर्फ 200 रुपए में कुर्ती और टी-शर्ट बिक रही हैं। शर्ट और कुर्ती के साथ ही डिजाइनिंग पैंट भी सिर्फ 100 रुपए में दी जा रही है।

### पानी में जलपरी का डांस

फिश टनल में जलपरियां देखने के लिए दर्शकों से 100 रुपए शुल्क लिया जा रहा है।। जलपरियों के साथ-साथ अलग-अलग प्रजातियों के मछलियों का भी दीदार लोग कर रहे हैं। ये जलपरियां वाटर टनल में सिर्फ मछलियों की तरह तैरती ही नहीं, बल्कि अलग-अलग गानों पर डांस भी करती हैं। जैसे-जैसे लोगों को पता चल रहा है कि रायपुर में पहली बार अंडरवाटर फिश टनल में जलपरियां नृत्य दिखा रही हैं, लोग सुनकर कौतूहलवश इन्हें देखने पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन शाम 5 से लेकर रात 10 बजे तक मेले का आयोजन किया गया है।

## सिटी इवेंट

# फेयरवेल-फ्रेशर पार्टी में जूनियर्स ने इंडियन लुक में मचाया धमाल



रायपुर। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान जूनियर्स ने सीनियर्स का स्वागत शानदार अंदाज में किया। सीनियर छात्रों ने नवप्रवेशी छात्रों को ब्राइड एंड ग्रूम थीम पर आमंत्रित किया, जहां 60 से अधिक जूनियर विद्यार्थी इंडियन लुक में नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी, विशिष्ट अथिति संस्था के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा, मेकाहारा की प्रो. डॉ. शुभि अग्रवाल और अंजू बडरिया उपस्थित रहीं। अतिथियों ने संबोधन में कहा, महाविद्यालय की शिक्षा और अनुशासन भविष्य में काम आता है। व्यक्ति का विकास कॉलेज के पढ़ाई से ही होता है। किसी अस्पताल में डॉक्टर मरीज का इलाज कर चला जाता है, लेकिन नर्स स्टाफ बीमार मरीजों की सेवा करते हैं। कोरोनाकाल में 23-24 साल के युवा नर्स ने दिन-रात मरीजों की सेवा करने का कार्य किया है।

### मिस्टर एंड मिस परफेक्शनिस्ट

नवप्रवेशी छात्रों में बीएससी से मिस्टर एंड मिस फ्रेशर लुभम निशाद और प्रियंका मनहरे बने। वहीं जीएनएम में मिस एंड मिस्टर फ्रेशर प्रियंका साहू और टिकेश्वर साहू चुने गए। जीएनएम से मिस इवनिंग अंजली डहरिया और मिस परफेक्शनिस्ट मंजुला भारती, बीएससी से मिस्टर एंड मिस इव रोहित साहू, क्रिस्टिना रहीं। मिस्टर एंड मिस परफेक्शनिस्ट दीपक साहू और आंचल साहू चुने गए। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव, प्राचार्य पुष्पेंद्र कर्ष ने किया।



### छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूमे छात्र

टूरा नई जानए रे, ऐ पान वाला बाबू...जैसे छत्तीसगढ़ी गानों पर छात्र जमकर झूमे। कार्यक्रम की शुरुआत जूनियर छात्रों के रैंपवॉक के साथ हुई। जहां बैलून गेम, पेपर कपल्स डांस, साड़ी रैपिंग और फूड टेस्ट कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस दौरान साड़ी रैपिंग स्पर्धा आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें गर्ल्स ने बॉयज को साड़ी और आभूषणों के साथ तैयार किया। समारोह में प्रोफेसर भी विद्यार्थियों के साथ फिल्मी गानों पर थिरके।

# कथक से श्री कृष्ण के रूपों का वर्णन



**रायपुर।** कथक के पारंपरिक प्रस्तुति में बिरजू महाराज के तोड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। यह लखनऊ घराने के पारंपरिक एवं कठिन कथक नृत्य में माना जाता है। स्पर्धा सरस्वती कला अकादमी में 4-6 साल के 18 नन्हे कालकारों की सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों और निर्णायकों की खूब तालियां बटोरीं। कथक में तोड़ा ताल और रचना के कुछ बोल के साथ प्रस्तुत किया गया। शिवोम शिवांजलि प्रतियोगिता के अंतिम दिन सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, इसमें शास्त्रीय नृत्य, गायन, वादन एवं चित्रकला प्रतियोगिता शामिल रही। इस अवसर पर श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों का मंचन किया गया, इसमें श्रीकृष्ण और गोपी की नृत्य नाटिका का दृश्य देखने को मिला।



### बॉलीवुड और शास्त्रीय नृत्य की जुगलबंदी

शिवोम विद्यापीठ शिक्षण संस्थान द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा का आयोजन किया गया। समता कॉलोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अंतिम दिन मयंक तमंग और दीनदयाल बर्मन निर्णायक रहे। इसमें संस्था प्रमुख अवधेश शर्मा, डायरेक्टर प्रणव शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर बॉलीवुड थीम और शास्त्रीय नृत्य की शानदार जुगलबंदी देखने को मिली। संबलपुरी नृत्य में अमृता नायक ने गुरु गायत्री साहू के निर्देशन में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य में प्रथम चंगोरा डांस ग्रुप और द्वितीय स्थान गैलेक्सी डांस ग्रुप ने प्राप्त किया। ओपन केटेगरी में आकांक्षा गोस्वामी, वेस्टर्न बॉलीवुड डांस में आरव ठाकुर प्रथम और अभिनव जर्मन ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

# विंटर कलर कला प्रदर्शनी में आज दिखेगा पहाड़ों पर जनजीवन



**रायपुर।** महाकोशल कला परिषद द्वारा दो दिवसीय विंटर कलर कला प्रदर्शनी का शुभारंभ 29 दिसंबर को शाम 5.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण अग्रवाल होंगे। महाकोशल आर्ट गैलरी में आयोजित प्रदर्शनी में पहाड़ों की खूबसूरती एवं मौसम का आनंद लेते व्यक्तियों के चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन तस्वीरों में प्रतिभागियों ने ठंड में पहाड़ी रहवासियों की दिनचर्या दर्शाने का प्रयास किया है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा 50 से अधिक कैनवास तैयार किए गए हैं।

### इन कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भोपाल से परीयुल जैन, लखनऊ से धनंजय पंवार, विशाखापट्टनम से पार्थ राय सागर, अहमदाबाद से माईनक भट्टाचार्या और राजधानी से एवी आदित्य, शांभवी शर्मा, अंशुमान शर्मा, दिशा ठाकुर, राधिका द्विवेदी, तनीषा अग्रवाल, शुभ अग्रवाल, अवतार सिंह भंगल, जेसन जार्ज के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के दूसरे दिन 30 दिसंबर को शाम 5-7 तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## किचन गार्डन में आयुर्वेदिक पौधे लगाने का बढ़ा चलन

कार्नर न्यूज

# ऋषिकेश और देहरादून से पहुंच रहा आयुर्वेदिक पौधा, निरोग रहने ब्राह्मी और अश्वगंधा की मांग



रायपुर। इन दिनों किचन गार्डन का क्रेज तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है, लोग घर की छत और बालकनी में पौधे लगा रहे। ये पौधे घर की सुंदरता तो बढ़ाते ही हैं, साथ में वातावरण को मनमोहक और खुशनुमा बनाने में मदद करते हैं। किचन गार्डन में फूल, सब्जियां एवं सजावटी पेड़-पौधे के साथ आयुर्वेदिक पौधे भी लगाए जा रहे हैं। इससे लोग अपनी दिनचर्या में आयुर्वेद को भी शामिल कर रहे। शहर स्थित नर्सरी संचालकों ने बताया, बीते 1-2 साल में लोगों का रुझान आयुर्वेद के प्रति बढ़ता जा रहा है। जहां नर्सरी से कई आयुर्वेदिक पेड़-पौधे खरीद रहे हैं, सभी पौधे कम कीमत पर लोगों को मिल जाते हैं। ये पौधे अन्य राज्यों से मंगाए जाते हैं, जिसे मौसम एवं खरीदारों की डिमांड पर उपलब्ध कराया जा रहा है। नर्सरी में सभी पेड़-पौधों की देखभाल के लिए टिप्स दिए जाते हैं, इसमें खाद, पानी, कीटनाशक दवाईयों का सही प्रयोग शामिल है।



### पत्थरचट्टा, लेमन ग्रास की सबसे अधिक खरीदी

नर्सरी संचालकों के अनुसार, कोरोना महामारी के वक्त से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता देखने को मिली है। आयुर्वेदिक दवाईयों को भी अपने दिनचर्या में शामिल कर, स्वस्थ सेहत तैयार कर रहे हैं। ऐसे में लोग अपने घरों पर ही आयुर्वेदिक पौधे लगा रहे, इसमें सबसे अधिक पत्थरचट्टा, लेमन ग्रास, अश्वगंधा की खरीदी हो रही है। सर्दी के मौसम से सभी पौधों की देखभाल अलग तरह से की जाती है। ऐसे में आयुर्वेदिक पौधे भी शामिल हैं, जिनकी देखभाल नियमित रूप से की जाती है, इनकी उचित देखभाल न होने पर सूखने और गलने की समस्या देखने को मिलती है।

### उत्तराखंड के पौधों की खरीदी

गीता नर्सरी से दीपक अथवानी ने बताया, अश्वगंधा, स्टीविया, भृंगराज, एस्पेरागस रेसमोसुस, अडूसा और ब्राह्मी लाइव प्लांट की मांग नर्सरी में की जा रही है। इन पौधों को उत्तराखंड के ऋषिकेश और देहरादून से लाया जाता है। मौसम के अनुसार इनकी देखभाल की जाती है, जिसमें कम पानी एवं खाद का विशेष ध्यान देना होता है। इन पौधों को पानी और धूप उचित तापमान में दी जाती है। इसमें स्टीविया प्लांट का सबसे अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है, जिसे सूरज की रोशनी में रखा जाता है। इसे सर्दी में घर के अंदर रखें, कीटों से बचाव जरूरी और रेतीली मिट्टी में रखना आवश्यक है।

धर्म लाइव

## ध्यान-साधना और वेदांत पर प्रवचन देने आएंगे परमानंद गिरी महाराज



**रायपुर।** अखंड परम धाम हरिद्वार से महामण्डलेश्वर अनंतश्री विभूषित स्वामी परमानंद गिरी महाराज का रायपुर आगमन हो रहा है। साथ में उनके कृपापात्र शिष्य महामण्डलेश्वर ज्योतिर्मयानंद महाराज भी आएंगे। यहां 3 दिवसीय कार्यक्रम राजधानी रायपुर में अलग-अलग स्थानों पर रखा गया है, जिसमें लॉ विस्टा सोसायटी में एक भव्य कार्यक्रम होगा। 30, 31 दिसंबर और 1 जनवरी, तीन दिवसीय आयोजन में महाराजश्री ध्यान साधना के साथ वेदांत पर प्रवचन देंगें।

### कई आश्रम व सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं

महाराज परमानंद गिरी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट श्रीधाम अयोध्या के स्थाई सदस्य हैं, इनके द्वारा पूरे देश में कई आश्रम व सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, इनमें से प्रमुख रूप से अखंडपरम धाम हरिद्वार, गौशाला, इंदौर में वानप्रस्थ आश्रम, गौधम गौशाला इंदौर, परमानंद हॉस्पिटल इंदौर, परमानंद नेत्र चिकित्सालय खंडवा रोड इंदौर, अखंड आश्रम उज्जैन, चारधाम मंदिर उज्जैन, द्वादश ज्योतिर्लिंग अखंड आश्रम उज्जैन, संस्कृत विद्यालय उज्जैन, सेवाधाम गौशाला उज्जैन, परमानंद गौधाम गौशाला सिजई, गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह बालक-बालिकाओं को संस्कृत के साथ शास्त्रों का ज्ञान, रायपुर में देवेंद्र नगर गरबा मैदान में आत्मरक्षा शिविर भी इनके मार्गदर्शन में चल रहा है। रायपुर में अखंड परमधाम के मुख्य सेवादार नरेश क्षत्री, विजय क्षत्री, महेश राजानी, विक्रम केवलानी, धीरज केवलानी, संतोष तिवारी, बिट्टू अग्रवाल, राकेश जालान, करमपाल परियानी हैं।

धर्म लाइव

## साहिबजादों के बलिदान और वीर गाथा से बच्चों को जोड़ा



**रायपुर।** चार साहिबजादों की शहादत की स्मृति में आमासिवनी में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। यहां ग्रामीण बच्चों के लिए निशुल्क ओपन स्कूल संचालित करने वाली संस्था सुधा के चेयरमैन जीके भटनागर की अगवाई में पहल की गई। आयोजन में गुरु गोविंद सिंहजी के दोनों साहिबजादों के साहस और बलिदान की गाथा से बच्चों को जोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें डॉ. आरके पांडे मुख्य अतिथि रहे। सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र लेखा पांडे भी इस आयोजन का हिस्सा बनीं। उन्होंने बच्चों के बीच वीर सपूतों के जीवन प्रसंग से जुड़ी कहानी के अंश को प्रस्तुत किया। बच्चों ने भी गंभीरता से सुना।

### इनका हुआ सम्मान

सोशल वर्कर मुकेश अग्रवाल और जय शील शाह इसमें विशिष्ट अतिथि थे। श्री भटनागर ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बच्चों ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी के कार्ड और पोस्टर तैयार कर प्रदर्शित किए। वहीं तीन बच्चों कु. अलका (बहादुरी) छात्रा, विनय (खेल) और कु. संध्या (गतिविधियों) को उनके द्वारा दिखाई गई बहादुरी के लिए सम्मानित किया। शुरुआत में बच्चों ने नृत्य जैसे सांस्कृतिक क्षेत्र से भी जोड़ा।

समाज इवेंट

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प रखा सालभर का लेखा-जोखा



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र की अग्रणी संस्था ग्रीन आर्मी की निर्वाचन प्रक्रिया विगत दिनों संपन्न हुई। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए वृंदावन हॉल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्यमी राजेश अग्रवाल रहे। ग्रीन आर्मी अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने अध्यक्षीय रिपोर्ट पढ़ते हुए वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी। संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए सालभर किए गए कार्यों को मीडिया प्रभारी श्री यदु ने डिजिटल स्लाइडर शो एवं वीडियो के माध्यम से सामने रखा। प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे एवं रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा को चुना गया। वहीं संस्था के चार विंग के लिए मोनिका बागरेचा ग्रीन विंग इंचार्ज, भारती श्रीवास्तव ब्लू विंग इंचार्ज, निधि अग्रवाल वाइट विंग इंचार्ज, विनीत शर्मा ब्राउन विंग इंचार्ज का चयन किया गया। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं रायपुर अध्यक्ष को शपथ अधिकारी डॉ. कुलदीप दुबे पेलौटी कालेज प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे ने स्टेट बॉडी एवं सेंट्रल कोर कमेटी के सदस्यों को शपथ दिलाई।

सरदार पटेल ग्राउंड में स्थापना दिवस पर समाज प्रमुखों ने हरिभूमि से बातचीत में साझा की यादें

# 250 मेंबर्स के साथ हुई थी पाटीदार समाज की स्थापना, 50 साल में बढ़े 24 गुना सदस्य

*'वर्ष 1974 में पहली बार रायपुर में श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज की स्थापना की गई। उन दिनों देवेंद्र नगर, फाफाडीह, श्रीनगर, भनपुरी क्षेत्र में लकड़ी के व्यावसाय से जुड़े सीमित परिवार होते थे। अंदाजा लगा सकते हैं कि तब समाज के सिर्फ 250 मेंबर होते थे। सामाजिक ताने-बाने को बुनते हुए श्री कच्छ कड़वा समाज ने स्थापना दिवस के स्वर्णिम मौके यानी 50 साल में 5990 सक्रिय सदस्य जोड़े हैं।'*

**रायपुर।** श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज द्वारा शहर के देवेंद्र नगर स्थित सरदार पटेल ग्राउंड में स्थापना का इस बार स्वर्णिम महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर हरिभूमि ने सामाजिक समरसता व परंपराओं का पालन करने वाले समाजजनों से बातचीत की। शहर में अलग पहचान रखने वाले पाटीदार समाज के लोगों ने 50 साल में हुए बदलाव और नई पहल को लेकर यादें साझा कीं। यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने से भी पहले समाज के लोग सिर्फ लकड़ी का ही व्यवसाय करते थे। साथ ही व्यावसायिक संस्थान और निवास एक ही जगह होता था। अब समय के साथ कई तरह के बदलाव सामाजिक सरोकार के चलते किए गए हैं। इससे समाज के लिए आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता मिला, इससे युवा ज्यादा जुड़ रहे हैं।

### समाजजन बोले बदल रहे व्यवसाय

सामाजिक संगठन की पहली कड़ी का हिस्सा बने रामजी भाई पटेल ने बताया कि 1974 में संगठन तैयार हुआ। तब



250 मेंबर्स के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ा ताना-बाना शुरू हुआ। 50 साल में मेंबर्स की संख्या बढ़कर 5990 हो गई है, यानी 24 गुना वृद्धि के साथ पाटीदार समाज ने आपसी एकता को ताकत बनाकर काम किया। हम संयुक्त परिवार में लोगों को रहने की सलाह हमेशा देते हैं।

### सरोकार को देते है प्राथमिकता

समाज के अध्यक्ष भरत भाई पटेल ने बताया कि अपनी परंपराओं और कला-संस्कृति के साथ ही सामाजिक



सरोकार को अभी भी प्राथमिकता दी जाती है। इसे प्रभावित होने से बचाने के लिए अपने आयोजनों में ही समाज के लोगों और परिवारों को ही शामिल करते हैं। अब समाज के लोगों ने भी सरोकार से जुड़कर सामाजिक मजबूती को बढ़ाने के लिए काम कर रहे, ताकि युवा इससे जुड़ सकें।



### एकता से सामाजिक विकास

दूसरे दिन के सत्र की शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे की गई। आर्थिक सत्र के मुख्य वक्ता आरपी पटेल ने युवा साथियों को भविष्य में व्यापार को किस तरह से आगे बढ़ाने का प्रयास करें तो सफलता मिलेगी। इसके लिए नए रास्ते बताते हुए मूलमंत्र भी बताए। माता उमिया धाम में सबसे ऊंचे मंदिर की जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक समृद्धि के लिए एकता जरूरी होती है। इसके बाद दूसरा सत्र पारिवारिक ताकत और प्रेमभाव को किस तरह से कायम रखें, इसको लेकर समाज के बीच चर्चा हुई।







### पारंपरिक व्यवसाय ही किया

वरिष्ठ सदस्य कांतिभाई पटेल ने बताया कि पहले फाफाडीह और भनपुरी में ही समाज के



लोगों का पारंपरिक लकड़ी का व्यवसाय होता था। अब समाज के लोग श्रीनगर, देवेंद्र नगर में भी रहते और व्यवसाय करते हैं। पहले जहां घर के लोग काम करते थे, वहीं पूरे परिवार का निवास होता था। समय के साथ लोगों ने व्यावसायिक क्षेत्र से निकलकर समाज के बीच संयुक्त परिवार का रूप लिया।

### चहुंमुखी विकास के लिए एकजुट

विजय भाई पटेल ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनैतिक और व्यावसायिक बदलाव से



भी आर्थिक मजबूती आई है। 50 में से 26 वर्षों तक समाज ने सिर्फ लकड़ी के व्यवसाय पर फोकस किया। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कारोबार के चहुंमुखी विकास के लिए हर व्यवसाय से जुड़े। इसमें समाज के युवाओं का योगदान रहा है। शिक्षा के साथ व्यवसाय का क्षेत्र भी विकसित होने लगा है।

40 प्रतिभागियों ने दिखाया स्वाद का हुनर



## व्यंजन स्पर्धा में बनी 20 प्रकार की मिठाई बाजरे के लड्डू को मिला पहला स्थान

**रायपुर।** स्वदेशी मेले में शनिवार को दूसरे दिन बाजरा केंद्रित व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी 40 प्रतिभागियों ने अपने स्वादिष्ट व्यंजनों से मेले में खुशबू बिखेरी। इसमें प्रतिभागियों ने 20 मीठे व 18 नमकीन खाद्य पदार्थ बनाए। मीठा व्यंजन श्रेणी में बाजरे के लड्डू बनाने वाली सुनीता व्यास ने पहला स्थान पाया।



मनमोहक मोदक बनाने वाली कविता बेगानी जैन ने दूसरा व सेहत भरी कटोरी के रूप में स्वादिष्ट मीठा व्यंजन बनाने वाली स्मिता श्रीवास्तव ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं नमकीन व्यंजन श्रेणी में बाजरे आटे की टिक्की चाट वाली सुषमा चोपकर ने पहला स्थान पाया। बाजरे की दाल बाटी भर्ता बनाने वाली उर्मिला सिंह ने दूसरा व बाजरे का पुलाव बनाने वाली आस्था गुरबाणी ने तीसरा स्थान हासिल किया। अन्य प्रतिभागियों में मंजू सुतावने ने मीठी मठरी व नमकीन में अप्पे बनाए। अर्पणा असाटी ने नमकीन में चीला बनाया। रेशम तेजवानी ने नमकीन में पराठे व मीठे में नानखटाई बनाई। पूनम केसरकर ने नमकीन में सैंडविच व मीठे में लड्डू बनाए। नीलम वर्मा ने देशी स्वाद विदेशी टार्ट नाम से मीठे में बिस्किट बनाई।

### कुटुंब खुशहाल होगा तो भारत सशक्त होगा : बिड़ला

रायपुर। साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में कुटुंब प्रबोधन विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर के संघचालक महेश बिड़ला ने कुटुंब और उसके गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुटुंब कमजोर होने की वजह से आज समाज में बिखराव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। व्यक्ति अकेलापन महसूस करता है। परिवार में लोग मोबाइल लेकर एक अलग-अलग कोने पर बैठे दिखाई पड़ते हैं। परिवार के बीच संवादहीनता बढ़ती जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि परिवार खुशहाल रहेगा तो हमारा भारत स्वतः ही खुशहाली की राह पर आगे बढ़ेगा।

नटखट स्वभाव के कारण रोज शिकायत

## भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक

**रायपुर।** भाठागांव में श्रीमद भागवत कथा में ज्योतिषी व भागवताचार्य महामाया मंदिर के पं. मनोज शुक्ला महाराज ने कथा में श्रीकृष्ण बाललीला, पूतना वध, ऊखल बंधन, माखन चोरी, गोपाल बनना, मोरपंख बंशी धारण करना, कालिया नाग मर्दन, अकासुर, बकासुर वध तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। पं. मनोज शुक्ला ने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की हैं। बालकृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थीं कि प्रतिदिन तुम माखन चुराकर खाया करते हो तो वे तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा देते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। एक दिन माता यशोदा को अपने मुख मे पूरे ब्रह्मांड का दर्शन करा दिया। कन्हैया ने खेलते-खेलते तालाब में भयंकर विषधारी कालिया नाग का मर्दन किया और गोकुलवासियों को भयमुक्त किया।



### गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया

सभी अपने परिवार और पशुओं को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तब ब्रजवासी कहने लगे कि ये सब श्रीकृष्ण की बात मानने के कारण हुआ है, अब हमें इंद्रदेव का कोप सहना पड़ेगा। इसके बाद भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव का अहंकार दूर करने और सभी ब्रजवासियों की रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया। तब सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। इसके बाद इंद्रदेव को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमायाचना की। इसी के बाद से गोवर्धन पर्वत के पूजन की परंपरा आरंभ हुई। गोवर्धन पर्वत को विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किए गए। माता यशोदा भगवान कृष्ण को 8 बार भोग खिलाती थीं और 7 दिन तक उन्होंने गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा, इसलिए 7 दिन बाद इंद्र का अहंकार दूर होने और बारिश रुकने के बाद उन्हें 8 दिन के हिसाब से 56 प्रकार के भोग लगाए गए, तब से 56 भोग लगाए जाने की शुरुआत हुई।

कार्नर न्यूज

पांचवे दिन पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा- सबकुछ भक्तों में बांट देते हैं भोलेनाथ

## जिस पूजा-अनुष्ठान में औघड़दानी शिवजी का भाग नहीं, उसका कोई पुण्य भी नहीं मिलता

**रायपुर।** भगवान भोलेनाथ औघड़दानी हैं, वे सबकुछ भक्तों में बांट देते हैं। खुद बिना सुख-सुविधा के ही रहते हैं। किसी भी तरह की पूजा, यज्ञ और अनुष्ठान में भगवान शंकर को 'भाग' देना जरूरी है। अगर शिवजी का भाग (हिस्सा) नहीं मिला तो वह यज्ञ निष्फल रहता है। इसलिए हर पूजा-पाठ और यज्ञ में भगवान शिव को भाग देना जरूरी है। दक्ष प्रजापति ने भोलेनाथ को उनका भाग नहीं दिया और अपमान किया, इसलिए उनका यज्ञ सफल होने की जगह विध्वंस हुआ। कुछ ऐसे ही प्रेरक संवादों से शनिवार को सेजबहार में श्री शिव महापुराण के पांचवे दिन पं. प्रदीप मिश्रा श्रोताओं से मुखातिब हुए।



### इसे काल भी नहीं लांघता

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, संपत अग्रवाल, संगठन मंत्री पवन साय के साथ प्रदेशभर से आए साधु, संत, महंत भी कथा का हिस्सा बने। वहीं आयोजक कमल देवांगन, समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन, दान सिंह देवांगन ने अतिथियों की अगवाई की। वहीं महाराज ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि जिस घर में शिवलिंग की पूजा होती है, वहां यमराज भी आने से डरते हैं।

### दो कुल को तारती हैं बेटियां

बेटी और बेटे में फर्क नहीं करना चाहिए। एक पत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि एक माताजी की दो बेटियां थीं। लोग उन्हें ताना देते थे कि वंश बढ़ाने वाला कोई नहीं है। ऐसे में माताजी ने भगवान भोलेनाथ पर विश्वास कर पांच पंडाल में कथा सुनी और भोलेनाथ की कृपा से उन्हें दो पुत्रों की प्राप्ति हुई। दोनों पुत्रों को महाराज ने सेजबहार में कथास्थल पर आशीर्वाद देने के लिए मंच पर बुलाया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय हैंडबॉल में चंडीगढ़ ने शिकस्त दी छत्तीसगढ़ को



**रायपुर।** 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में संघर्षपूर्ण मैच में छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष हैंडबाल टीम चंडीगढ़ से पराजित हुई। छत्तीसगढ़ की टीम कल 5वें से 8 वें स्थान के लिए मैचेस खेलेगी। केरल हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन चंगनासेरी, कोट्टायम जिला, केरल में दिनांक 26 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय पुरुष हैंडबाल टीम भाग ले रही है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता की टॉप 07 क्वार्टर फाइनलिस्ट टीमें 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिये पात्रता हासिल करेंगे। 8वीं टीम उत्तराखंड की होगी। शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला गुजरात के साथ खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ ने गुजरात को 36-24 गोलों से पराजित करते हुये क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, मध्यांतर तक छत्तीसगढ़ की टीम गुजरात से 18-12 गोलों से आगे थी। क्वार्टर फाइनल का मुकाबला शनिवार को शाम 4 बजे से छत्तीसगढ़ एवं चंडीगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण मैच में छत्तीसगढ़ की टीम चंडीगढ़ से 26-27 गोलों से पराजित हुई मध्यांतर तक चंडीगढ़ की टीम 18-15 गोलों से आगे थी। प्रतियोगिता के आखिरी दिन 29 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ को 5वें से 8वें स्थान के लिये मैचेस खेलना होगा।

### चेस शाला की जेश को आल इंडिया चेस टूर्नामेंट मे मिला तीसरा स्थान, प्राची 9 वे स्थान पर रही




**रायपुर।** राजनंदगाँव मे 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित आल इंडिया स्मार्ट गर्ल्स ओपन रेटिंग चेस टूर्नामेंट मे राजधानी रायपुर स्थित चेस कोचिंग सेंटर चेस शाला के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। जिसमे जेश केशरवानी ने 9 मे से 7 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उक्त स्पर्धा मे उन्होंने 6 मैचों मे जीत, 2 ड्रॉ, के साथ ये अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी प्राची यादव ने 6.5 अंक बनाकर 9 वा स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा मे अंडर-9 मे अनिका रेड्डी ने 6 अंक प्राप्त कर चैंपियन बनी, अंडर-11 मे वरिमा विश्वकर्मा ने 5.5 अंको के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनके साथ ही, सावी, दान्वी मिश्रा, सान्वि पारख ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों के इन उपलब्धि पर, चेस शाला संचालक फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव ने बताया बच्चे लगातार पूरी लगन से लक्ष्य बनाकर मेहनत कर रहें हैं उनका अगला लक्ष्य 2025 की सभी बड़ी स्पर्धाओं में बेहतर करने का है।

### सब जूनियर नेटबाल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सिमरन चयनित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सब जुनियर नेटबाल बालिका टीम में सरगुजा की सिमरन भगत का चयन हुआ है। वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता चेन्नई, तमिलनाडु में भाग लेंगी। सिमरन छत्तीसगढ़ टीम के साथ 30वीं राष्ट्रीय सब जूनियर नेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 28 से 31 दिसंबर तक के लिए टीम में चुनी गयी है।

चयनित सिमरन भगत स्थानीय माउंट लिट्रा जी स्कूल की 9वी की छात्रा हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबाल खेल का संचालन गांधी स्टेडियम में ही किया जाता है. राष्ट्रीय कोच ने बताया कि अभी हाल ही में नेटबाल जुनियर राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता लुधियाना, पंजाब में सरगुजा जिले के ओम प्रकाश ने सिल्वर मेडल जीतकर सरगुजा जिले का मान बढ़ाये थे, और अब सिमरन से भी जिला की ऐसी उम्मीद है।

लाइफ स्टाइल और आहार में गड़बड़ी से प्रभावित हो रही है हमारी सेहत

# नए साल में लाइफस्टाइल और आहार में कर लें बदलाव, अच्छी सेहत के लिए जरूरी है ऐसा कदम

स्वस्थ और आनंददायक जीवन जीना चाहते हैं तो इसका मूल मंत्र है- स्वस्थ आहार और अच्छी दिनचर्या। हालांकि इस दौड़ती भागती दुनिया में इन दोनों को मैनेज करके चलना हम में से ज्यादातर लोगों के लिए किसी कठिन टास्क से कम नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर हम सभी सिर्फ लाइफस्टाइल-आहार को ठीक रखने पर ही ध्यान दे लें तो कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को कम कर सकते हैं। मौजूदा समय की सबसे गंभीर बीमारियां- डायबिटीज हो या हृदय रोगों की समस्या, सभी के लिए इन्हीं दो में गड़बड़ी को मुख्य कारक माना जा रहा है।



### 2024 की गलतियों से लें सीख

हम साल 2024 के समापन की ओर हैं और कुछ ही दिनों में नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं। साल 2024 पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि कई तरह की बीमारियों ने लोगों को खूब परेशान किया। हृदय रोग और हार्ट अटैक के खतरे को कम करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों से लाइफस्टाइल-आहार में सुधार को लेकर समय-समय पर सलाह देते रहे।

आइए जानते हैं कि नए साल में सेहत को ठीक रखने और बीमारियों से बचाव के लिए डॉक्टर किन आदतों को अपनाने की सलाह देते हैं? सभी लोगों के लिए इनका पालन करते रहना आवश्यक है, ताकि साल 2025 हमारे लिए सेहतमंद रहे।

### शारीरिक सक्रियता न होने पाए कम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से सक्रियता का ध्यान रखें। शरीर को गतिशील रखने से आपकी हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। नियमित व्यायाम आपकी जीवनशैली को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है। मधुमेह, हृदय की समस्याओं और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में भी इससे मदद मिलती है।

डॉक्टरों का सुझाव है कि सप्ताह में 5-6 दिन रोजाना 30 मिनट का व्यायाम आपके शरीर के लिए जरूरी है। 30 मिनट तक तेज चलना या सिर्फ स्ट्रेचिंग जैसे कुछ सरल अभ्यास को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से वजन कंट्रोल रहता है, जो हृदय रोग, डायबिटीज से लेकर कैंसर तक के जोखिम को कम करने में सहायक है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोगों को शारीरिक सक्रियता पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।



### स्वस्थ भोजन बहुत आवश्य

शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से फिट रहने का एक सरल नियम है कि आप अपने आहार को ठीक रखें। स्वस्थ भोजन की आदत आपको सेहतमंद और रोग मुक्त रखने में मदद करेगी। आपके नियमित आहार में विभिन्न प्रकार के फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज, दालें,



मांस, पोल्ट्री भोजन को शामिल करें। आहार में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, खनिज अधिक और कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी कम होनी चाहिए। साथ ही खाना चबाकर खाएं हैं, यह भी अहम हिस्सा है। आपको अपने भोजन को सुपाच्य बनाने के लिए 20-30 बार चबाना चाहिए। कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाव के लिए ये उपाय विशेष मददगार माने जाते हैं।



## फिटनेस की चाबी संभालकर रख लीजिए, हमेशा रहेंगे फिट

जो हमेशा फिट रहना चाहते हैं, उनके लिए प्रेरणा हमारे आसपास ही है। ऐसे लोग फिट रहने के लिए सबकुछ करते हैं। फिर चाहे डाइट पर ध्यान देना हो या फिर एक्सरसाइज करनी हो। ऐसे ही लोगों को फिटनेस के रास्ते पर हमेशा चलते रहने देने के लिए योग गुरु से लेकर सेलिब्रेटी तक ने अपनी फिटनेस का मंत्र दिया है।

सेलिब्रेटी रघु अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया है कि वो रोज दौड़ते नहीं हैं। जबकि फैंस ने उन्हें दौड़ लगाते कई बार देखा है। दौड़ने से जुड़े न जाने कितने कॉम्पटीशन भी वो जीत चुके हैं। मगर उनकी फिटनेस का राज यही है कि वो रोज दौड़ते नहीं हैं।


बल्कि वो रोज कम से कम 15 से 20 मिनट की एक्सरसाइज जरूर करते हैं। 56 साल के रघु ने बताया है कि एक्सरसाइज के दौरान या आम दिनों में भी चोट से बचने के लिए दौड़ें भले न लेकिन आपको 15 से 20 मिनट की एक्सरसाइज़ जरूर करनी होगी। इससे शरीर का नेचुरल मूवमेंट बना रहता है।



दरअसल एक उम्र के बाद मसल्स कमजोर होने लगती हैं और चोट लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए मिलिंद रोज थोड़ी एक्सरसाइज की सलाह देते हैं। वो मानते हैं, ऐसे करके वो चोट की चिंता किए बिना ही मनपसंद एक्सरसाइज़ कर पाते हैं।

उन्होंने आगे अपनी पोस्ट में लिखा है कि सूर्या नमस्कार फिटनेस का पक्का साथी है। कुछ लोगों को ये कठिन लगेगा और कुछ को आसान लेकिन ये शरीर की फिटनेस के लिए बेहतरीन है। इसको करने से शरीर के कमजोर हिस्से भी मजबूत होते जाते हैं।

इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक्सरसाइज के खास लक्ष्य भी बताए हैं। उन्होंने लिखा है व्यायाम के दो खास मकसद होने चाहिए- अच्छा ब्लड सर्कुलेशन अपने शरीर को जैसे चाहें वैसे मूव कर पाएं



## राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगता का आगाज 33 प्रांत के 800 खिलाड़ी भाग ले रहे

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान पर 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगता का परंपरागत ढंग से सादगीपूर्ण शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में वनवासी कल्याण आश्रम के कार्य क्षेत्र अनुसार 33 प्रांतों के 800 से अधिक जनजातीय बालक बालिकाएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में अंडमान निकोबार से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों, उड़ीसा, गुजरात तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तरप्रदेश राज्य सहित नेपाल के भी जनजातीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वनमंत्री तथा स्वागत समिति के अध्यक्ष केदार कश्यप ने भी अपनी शुभकामनाएं दी है। प्रदेश सचिव डॉ अनुराग जैन ने दोनों के शुभकामना संदेशों का वाचन किया। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा, यह आयोजन जनजातीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को विश्व स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें खेल की भावना होती है, उसमें जीवन के संघर्षों से लड़ने का साहस स्वतः ही आ जाता है। उन्होंने 24 वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा स्पर्धा की शुरुआत की घोषणा की।

**खेल अब कैरियर चुनने का माध्यम- ओलंपियन कविता**-भारतीय ओलंपियन एथलीट कविता राउत ने कहा, आज हम खेलों को करियर बनाने का माध्यम चुन सकते है खेल के साथ साथ रोजगार के अवसर भी मिल सकते है। खेलो से ही






आगे बढ़कर हम अफसर भी बन सकते है। उन्होंने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम के सक्रिय सहयोग से ही वे खेल की नई ऊंचाइयों तक पहुंची है। रांची में वर्ष 2000 में हुए राष्ट्रीय क्रीड़ा महोत्सव में वे एक धावक खिलाड़ी के रूप में शामिल हुई थी। कल्याण आश्रम के खेलकूद प्रकल्प से ही उनकी खेल यात्रा शुरू हुई जिसने उन्हें भारत के लिए खेलने और ओलम्पिक में मेडल जीतने का अवसर दिलाया।

**मैच और परिणाम-** राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में शनिवार को फुटबॉल का उदघाटन मैच उड़ीसा और आंध्रप्रदेश के बीच हुआ। मैच में उड़ीसा की टीम 4-0 से विजयी हुई। उड़ीसा की ओर से बादल ने दो और चंदना तथा भुजू ने एक एक गोल किया। आंध्र प्रदेश की टीम कोई गोल नहीं कर सकी।

## नए साल पर कैलेंडर लगाते समय भूलकर भी न करें ये गलतियां

नया साल सभी के लिए खुशियां लेकर आता है और इसकी शुरुआत जल्द ही होने वाली है। नए साल के शुभ अवसर पर कुछ लोग नए काम शुरुआत भी करते हैं। नया साल सभी के लिए खुशियां लेकर आता है और इसकी शुरुआत जल्द ही होने वाली है। नए साल के शुभ अवसर पर कुछ लोग नए काम शुरुआत भी करते हैं। यहीं नहीं कुछ लोग इस दिन नया प्रण भी लेते हैं। इस दौरान कुछ घरों में पूजा-पाठ का आयोजन भी किया जाता है। मुख्य रूप से नए साल के दिन घर की साज-सज्जा व समान के रख रखाव पर ध्यान दिया जाता है। ऐसा माना जाता है यदि इस दिन घर को साफ रखा जाए तो पूरे साल घर में बरकत होती है। इस दौरान सभी घर से पुराने कैलेंडर हटा कर नए कैलेंडर लगाए जाते है। जिससे नव वर्ष में आने वाले सभी त्योहारों से परिचित रहा जा सकते है। लेकिन क्या आप जानते हैं यदि कैलेंडर को वास्तु के अनुसार लगाया जाए, तो इससे घर में सकारात्मकता बनी रहती है। इसी कड़ी में आइए जानते है कि नए साल के कैलेंडर लगाते समय वास्तु के किन नियमों का पालन करना चाहिए।

### नए साल के कैलेंडर को लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

घर में नए साल का कैलेंडर लगाने से पहले पुराना कैलेंडर हटा दें। इसके बाद ही दीवार पर 2024 का नया कैलेंडर लगाए। वास्तु के अनुसार घर में पुराना कैलेंडर लगे रहने से आपकी तरक्की और जीवन पर इसका असर पड़ सकता है। वास्तु के अनुसार नए साल के कैलेंडर को घर की उत्तर पश्चिम या पूर्वी दीवार पर ही लगाएं।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पर्दे पर जॉन विक के रूप में नहीं दिखेंगे रीव्स,आया बड़ा अपडेट



हॉलीवुड के सुपरस्टार कीनू रीव्स को 'जॉन विक' फ्रेंचाइजी की वजह से जाना जाता है। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में इसके पांचवे भाग में लौटने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। अभिनेता के मुताबिक उनका दिल इसके लिए तैयार है, लेकिन शरीर खासकर उनके घुटने इस चुनौती को झेलने के लिए अब सक्षम नहीं हैं। कीनू ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि जॉन विक की भूमिका के लिए उन्हें काफी शारीरिक मेहनत करनी पड़ी, जिससे उनके घुटनों पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा, ₹आप कभी नहीं कह सकते, लेकिन अब मेरे घुटने कह रहे हैं कि 'आप एक और जॉन विक नहीं कर सकते।₹ हालांकि, अभिनेता ने उस भूमिका के लिए गहरा लगाव व्यक्त किया, जिसने उन्हें दुनियाभर में मशहूर बनाया है। उन्होंने स्वीकार किया कि अब 'जॉन विक' जैसी भूमिका निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। फिर भी कीनू रीव्स जॉन विक यूनिवर्स से जुड़े हुए हैं। वह आगामी फिल्म 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विक : बैलेरीना' में कैमियो करने वाले हैं। यह फिल्म 6 जून को रिलीज होगी। इस फिल्म में कैमियो रोल में नजर आने वाले हैं। कीनू ने इस बातचीत में 'जॉन विक' के साथ अपने सफर को बेहद खास बताया। यह फ्रेंचाइजी 2014 में शुरू हुई थी। अब यह फ्रेंचाइजी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी है। फ्रेंचाइजी के पहले तीन भागों ने दुनियाभर में 10 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई की है।

### टॉलीवुड

## श्रीकांत की फिल्म में चिरंजीवी के साथ हीरोइन और गाना नहीं, जानिए सच



फिल्म निर्माता श्रीकांत ओडेला के पास दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं, एक नानी की 'द पैराडाइज', उसके बाद मेगास्टार चिरंजीवी की 'मेगा 156' है। इन दोनों ने ही अपनी घोषणा के बाद से ही काफी ध्यान आकर्षित किया है। अब, निर्माता ने फिल्मों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण अपडेट का खुलासा किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में एसएलवी सिनेमा के निर्माता सुधाकर चेरुकुरी ने श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित चिरंजीवी की आगामी फिल्म के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने इस फिल्म में किसी भी नायिका या गाने के अभाव की अफवाहों को खारिज कर दिया और कहा कि वास्तव में यह प्रोजेक्ट एक पीरियड एक्शन फिल्म होगी। उन्होंने आगे कहा कि निर्देशक के साथ नानी की अगली फिल्म 'द पैराडाइज' भी एक पीरियड ड्रामा होगा। सुधाकर ने यह भी बताया कि 'मेगा 156'की कहानी अभी प्री प्रोडक्शन में है और इसके लिए डीओपी और संगीत निर्देशक का चयन भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'मेगा 156 एक पीरियड फिल्म है। इतना ही नहीं 'द पैराडाइज' भी पीरियड बैकग्राउंड पर आधारित है। सोशल मीडिया पर जो कुछ भी प्रसारित किया जा रहा है, उसमें कोई सच्चाई नहीं है। हमने डीओपी और संगीत निर्देशक को फाइनल कर लिया है। फिलहाल कहानी विकास के चरण में है।'

3 दिसंबर को यह घोषणा की गई कि चिरंजीवी ने अपनी अगली फिल्म के लिए 'दशहरा' निर्देशक श्रीकांत ओडेला के साथ हाथ मिलाया है। श्रीकांत ओडेला को पहले नानी के साथ अपना प्रोजेक्ट पूरा करना है, उसके बाद चिरंजीवी के साथ अगली फिल्म पर काम शुरू करना है। नानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस सहयोग के बारे में पहली आधिकारिक पोस्ट साझा की। उन्होंने आगामी फिल्म का एक शानदार पोस्टर साझा किया और एक विशेष नोट लिखा।

### भोजपुरी

## देसी रंग में रंगी रानी, मिट्टी के चूल्हे पर पकाया खाना, बोलीं- शानदार अनुभव



भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अदाकारा रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मायके का टिकट कटा दी पिया' को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री इस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ झलकियां साझा की हैं। रानी शूटिंग के बीच सेट पर खाना बनाती दिख रही हैं। दिलचस्प बात ये है कि वे किसी आधुनिक रसोई में नहीं, बल्कि मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही हैं। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक वीडियो शेयर की है। इसमें वे मिट्टी के चूल्हे पर खाना बन रही हैं। साड़ी पहने अभिनेत्री बिल्कुल देसी रंग में रंगी हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'फिल्म शूटिंग की सबसे अच्छी बात है गांव के जीवन का बहुत अच्छा अनुभव मिलता है। 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' पिया के सेट से आपके लिए यह वीडियो शेयर कर रही हूं'। रानी का यह अंदाज देख यूजर्स उनकी तारीफ कर रहे हैं, साथ ही कुछ लोग सलाह भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'चूल्हे पर खाना मत बनाइए, मेकअप खराब हो जाएगा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आपकी फिल्म कब तक आएगी?' एक यूजर ने लिखा, 'आप बेजोड़ हैं दीदी'। रानी चटर्जी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फिल्म 'दीदी नंबर 1' में देखा गया था। प्रवीन कुमार गुदुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी चटर्जी के अलावा देव सिंह, अनूप अरोड़ा और आर्यन बाबू सहित कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

## पेरिस की रंगीन शाम

लाइफ स्टाइल

पेरिस हाउते कॉउचर वीक फ़ॉल/विंटर 2025 को लेकर माहौल अभी से सरगर्म है। यह लग्ज़री फैशन का शिखर है। यह शो जनवरी और जुलाई में हर दो साल में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में चैनल, डायर, और गिवेंची जैसे कॉउचर हाउस की शिल्पकला और कलात्मकता को प्रदर्शित करने की तैयारी है। साल 2025 में यह कार्यक्रम 27-30 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए मॉडल्स खुद को तैयार कर रही हैं।



## फेस वॉश के विकल्प और भी हैं, चेहरा धोने के लिए

जिस तरह से हमें सर्दी से शरीर का बचाव करना पड़ता है, ठीक उसी तरह से त्वचा का भी ठंड के मौसम में खासा ध्यान रखना पड़ता है। आपको सर्दियों के मौसम के लिए कुछ ऐसी चीजों के बारे में जानना चाहिए, जिनका इस्तेमाल आप फेसवॉश की जगह कर सकते हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जहां आपको बेसन देखने को ना मिले। ऐसे मे आप आसानी से बेसन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को दमका सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस बेसन के साथ गुलाब जल और दही को अच्छे से मिलाना है।

अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर 4 से 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को साफ कर लें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी। सर्दियों में आपके स्किन की नमी कहीं खो जाती है। ऐसे में अगर आप शहद को अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपके चेहरे को चमकाने का काम करेंगे।अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को हल्का सा गीला कर लें। इसके बाद थोड़ा सा शहद हाथ में लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। कुछ देर इसे चेहरे की मसाज करने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। टमाटर सर्दियों के मौसम में काफी ज्यादा सस्ते मिल जाते हैं। ऐसे में आप चेहरा चमकाने के लिए आप टमाटर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपकी काफी मदद करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो सबसे पहले टमाटर का रस निकालें और फिर इसे रुई की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। 5 से 7 मिनट के बाद आप चेहरे को धो सकते हैं।



## सर्दियों में करनी है आउटिंग तो इन कपड़ों को दें प्राथमिकता, ठंड से भी होगा बचाव




सर्दियों के इस मौसम में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है।



दरअसल, इस मौसम में आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। ऐसे में आपको सर्दियों में आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स याद रखना चाहिए।

जींस-टॉप

अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल कुर्ता

सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ कोट

अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

### ब्लेजर

अगर आप क्लासी लुक कैरी करना चाहती हैं, तो जींस के साथ इस तरह का ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा, साथ में इसकी वजह से आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं।

### ओवर साइज स्वेटर

ओवर साइज स्वेटर देखने में कमाल का लगता है। ऐसे स्वेटर को आप जींस के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके बाद अगर आप अपने बालों में मेसी बन बनाएंगी तो आपका लुक बेहद कूल दिखेगा।

## दिखना है हैंडसम दूल्हा तो शॉपिंग के समय इन टिप्स को रखिए याद



शादी करने जा रहे हैं और वेडिंग सूट खरीदना है तो यूंहीं खरीदारी करने से बचिएगा। क्योंकि यूंहीं की गई खरीदारी आपकी जेब पर भेल ही भारी न पड़ी हो लेकिन आपके लुक्स पर जरूर भारी पड़ जाएगी।

शादी के लिए सूट लें तो कुछ बातों को जरूर याद रखें। ये वो बातें हैं जिनके बिना आपका लुक पर्फेक्ट आ ही नहीं पाएगा। इसका नतीजा होगा शादी के दिन ही आपका बिगड़ा हुआ लुक।इसलिए शादी से पहले सूट खरीदने जाएं तो इन पांच बातों को जरूर ध्यान रखें-

### वेन्यू और टाइम के साथ हो मैच

सूट खरीदते हुए जरूर आप इसके लुक पर ध्यान देंगे। लेकिन वेन्यू और टाइम को ध्यान में रखना भी जरूरी है। अगर आपकी शादी रात की है तो आपको हल्के रंग का सूट लेना होगा। लेकिन वेन्यू इंडोर है तो सूट डार्क कलर का होना चाहिए। रात में वेन्यू आउटडोर होने पर भी हलके रंग का सूट ही चुनें।

### बॉडी टाइप है जरूरी

शादी के लिए सूट को बॉडी टाइप के हिसाब से भी खरीदा जा सकता है। याद रखिए हर किसी की बॉडी दूसरे से अलग होती है। इसलिए वजन ज्यादा होने पर या बहुत दुबले होने पर सूट सोच-समझकर खरीदें। दुबले हैं तो कई सारे पैटर्न आप पर अच्छे लगेंगे लेकिन मोटे हैं तो आपको फिटेड सूट ही खरीदना चाहिए।

### बिजनेस सूट को भूल जाइए

शादी के लिए सूट खरीद रहे हैं तो सबसे पहले तो अपने बिजनेस सूट का पैटर्न भूल जाइए। उसके हिसाब से सूट बिल्कुल न खरीदिए।आपको लेपल और पॉकेट की डिटेल्स पर भी ध्यान देना होगा।

## आर्टिफिशियल स्टोन बटरफ्लाई के साथ बनाएं ट्विस्ट बन हेयर स्टाइल



ऐसा जरूरी नहीं की आप बन हेयर स्टाइल में हमेशा ओरिजिनल फ्लावर का इस्तेमाल करें। आजकल मार्केट में अलग-अलग डिजाइन की हेयर एक्सेसरीज आ गए हैं। उनके इस्तेमाल से भी आप अच्छा हेयर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं।

### व्हाइट पर्ल टियारा

अगर आपको टियारा लगाना पसंद है तो आप इसके लिए ओरिजिनल फूलों को न लें। आर्टिफिशियल में भी आपको काफी (हेयर स्टाइल टिप्स) अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे लगाकर आप ओपन हेयर स्टाइल, फ्रंट पफ हेयर स्टाइल या फिर बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इसे लगाने के लिए आपको आगे के बालों को दो हिस्सों में बांटने हैं। फिर इसके बीच में इस टियारा को लगाना है। आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसको लगाने के बाद हेयर स्टाइल बनाने में आपको बस 15 मिनट लगते हैं।

### हेयर चेन

अगर आपके बाल लंबे हैं और आप पोनी टेल या फिर ओपन हेयर स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं तो बेस्ट है ये हेयर चेन इसे लगाने (थ्री इजी हेयर स्टाइल) के बाद आपको बालों में किसी और चीज को लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसे लगाने के लिए आपको पहले अपने हेयर स्टाइल को सेट करना है। फिर इसे पूरे बालों में लगाना है। आप चाहे तो इसे आधे बालों में भी लगा सकती हैं। इसकी खास बात ये है कि इसे दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

कार्नर न्यूज

### हिप-हॉप फैशन के साथ ही आया है ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड

## नए साल का वेलकम कीजिए ओवरसाइज ट्रेंड के साथ, परफेक्ट लुक के लिए याद रखें जरूरी टिप्स

*पिछले कुछ दिनों में हिप-हॉप फैशन के ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड खूब चल रहा है। ये ट्रेंड और कॉलेज गोअर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े स्टार्स भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। दरअसल इसमें आराम भी मिलता है और स्टाइलिंग भी हो जाती है। ओवरसाइज टी-शर्ट तो काफी स्मार्ट दिखती हैं साथ में ऐसी शर्ट भी काफी अच्छी लगती है। पुरुष ओवरसाइज पैंट भी खूब पहनते हैं और जींस भी। लेकिन ये ट्रेंड किसी पर भी कभी भी अच्छा लगे ये जरूरी नहीं है। बल्कि कई बातें ध्यान रखनी होती हैं, जो ओवरसाइज ट्रेंड को परफेक्टली फॉलो करने में आपकी मदद करती हैं। कौन सी हैं ये बातें, जानते हैं-*



### मौका क्या है?

मौका क्या है? ओवरसाइज ट्रेंड को पहनते हुए सबसे बड़ा सवाल यही होता है। दरअसल ये ऐसा ट्रेंड नहीं है, जिसे कभी भी पहना जा सके। इसको खास मौकों पर ही पहना जा सकता है।

### ओवरसाइज हो बड़ा नहीं

ओवरसाइज फैशन में हाथ आजमाना है तो आपको साइज का ही ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसमें आपको जरूरत से ज्यादा बड़ी ड्रेस नहीं बल्कि ओवरसाइज ड्रेस ही लेनी है। मतलब ऐसा न हो कि ओवरसाइज के चक्कर में आप अपने साइज से कई साइज बड़े कपड़े ले लें।

### कंधे और कमर पर ओवरसाइज

याद रखिए कपड़े ओवरसाइज ही लेने का एक तरीका ये है कि इनके कंधे और कमर देखिए। ये दोनों अगर ओवरसाइज हैं तो समझिए आप सही कपड़े चुन रहे हैं। वरना ऐसा लगेगा मनो आपके कपड़े हैंगर पर टंगे हैं।

### बैलेंस है जरूरी

ओवरसाइज कपड़ों के साथ बैलेंस बहुत जरूरी है। जैसे आप ओवरसाइज कोट के साथ ओवरसाइज पैंट नहीं पहन सकते हैं। बल्कि आपको ओवरसाइज कोट के साथ फिटेड पैंट पहननी चाहिए। लेकिन ये सुपर स्किनी नहीं होनी चाहिए।

